# स्कूलों में होली उत्सव के बाद छुट्टी

## बच्चों और शिक्षकों ने एक-दूसरे को लगाया रंग-गुलाल, दी शुभकामनाएं

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** होली का त्योहार सभी में एक नया जोश भर देता है। शनिवार को विद्यालयों व कार्यालयों में कार्य का अंतिम दिन था। इसके बाद होली की छुट्टी हो गई। छुट्टी के चलते शनिवार को ही बच्चों ने जमकर होली मनाई। बैंकों व कार्यालयों में भी बाहर रहने वालों ने होली का त्योहार रंगों के साथ मनाया और दूर दराज अपने घरों को चले गए। बाजारों में भी होली की धूम दिखाई देने लगी है। कई होटलों व लॉन में भी होली के आयोजन शुरू हो गए।

होली की मस्ती वातावरण में घुलने लगी हैं। शनिवार से विद्यालयों में अवकाश हो गया। बच्चों ने जमकर रंग गुलाल उड़ाया। बच्चों को होली खेलता देख शिक्षक-शिक्षिकाएं खुद को रोक न पाए। उन्होंने भी एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर त्योहार की बधाई दी। त्योहार से पूर्व कार्य दिवस के अंतिम दिन कार्यालयों में भी लोगों ने एक दूसरे के अबीर व गुलाल लगाकर होली त्योहार की बधाई दी, वहीं दूसरे शहरों में रहने वाले लोग होली खेलने के बाद अपनों के बीच त्योहार मनाने के लिए चले गए।

कृषि महाविद्यालय में पहला सत्र शुरू हुआ है। वहां सुबह से ही होली के गीतों के बीच छात्र-छात्राओं ने जमकर अबीर-गुलाल उड़ाया। यहां पढ़ने वाले अधिकांश विद्यार्थी दूसरे जिलों के ही हैं, इसलिए जमकर होली खेलने के बाद छुट्टियां होने पर सभी घरों को चले गए। बाजार में होली की चहल पहल तेज हो गई है। जगह-जगह रंग गुलाल व पिचकारियों की दुकानें सज गई हैं।



प्राथमिक विद्यालय ताजपुर में होली खेलते बच्चे। अमृत विचार



प्राथमिक विद्यालय जामू में होली खेलते बच्चे व शिक्षिकाएं। अमृत विचार

### मुकद्दस रमज़ान



- 11वां रोज़ा–
  - अफ्तार–रविवार 6:10 बजे
- 12वां रोज़ा–
  - सहरी–सोमवार 5:15 बजे।

### न्यूज ब्रीफ

### बाइक खड़ी करने के विवाद में मारपीट

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कासूपेट में दुकान के पास मोटरसाइकिल खड़ी करने को लेकर हुए विवाद में युवक के साथ मारपीट और धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित सौरभ गुप्ता पुत्र शिवनरेश निवासी कासूपेट ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया कि 26 फरवरी की शाम करीब छह बजे वह अपनी दुकान के पास मौजूद था, तभी ग्राम जरौली शेरपुर निवासी शिवम पुत्र राजकुमार, शांति देवी पत्नी राजकुमार, ज्योति पुत्री राजकुमार तथा तीन अज्ञात व्यक्ति वहां पहुंचे और बाइक खड़ी करने को लेकर कहासुनी करने लगे। आरोप है कि विपक्षियों ने गाली–गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और लात–घूंसों से मारपीट की।

### महिला को पीटने वाले आरोपियों पर केस दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली के ग्राम दौलतियापुर निवासी खेत जा रही महिला को मारपीट कर घायल करने वाले आरोपियों के विरुद्ध पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता रामदेवी पत्नी रामकुमार पाल के अनुसार 27 फ़रवरी की सुबह वह खेत पर जा रही थी, तभी गांव निवासी सतीश ने अपने भाई प्रेमपाल और तीन अन्य महिलाओं ने उसे रोक लिया और गाली–गलौज करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### रंगारंग होली पार्टी का किया गया आयोजन

**हरदोई, अमृत विचार।** रूबी सिंह, प्रायूस और देव सिंह, संयोजन व सनी व अभय के सहयोग से एक लॉन में रंगारंग होली पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा गणेश प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं विधिवत पूजन के साथ हुई। इसके उपरांत उपस्थित युवक–युवतियों ने डीजे की धुन पर बज रहे होली गीतों पर जमकर नृत्य किया और उत्साहपूर्वक विभिन्न गेम्स में हिस्सा लिया। आयोजकों द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को आकर्षक उपहार प्रदान किए गए। होली के उल्लास से सराबोर इस आयोजन में लोगों ने आपसी सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया। अतिथियों के खान–पान के लिए विशेष स्टाल भी लगाए गए थे, जहां विभिन्न व्यंजनों का लोगों ने आनंद लिया। इस अवसर पर लॉन के मैनेजिंग डायरेक्टर अमिताभ शुक्ला मोनू ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।





स्कूलों में छुट्टी के बाद होली खेलते बच्चे। अमृत विचार

# किशोरी पर दबंगों ने किया हमला, आठ पर केस दर्ज

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** कोतवाली के मोहल्ला निहालगंज मे 24 फरवरी की सुबह करीब 6 बजे जानवरों को चारा डालने जा रही किशोरी पर घात लगाकर हमलावरों ने लाठी डंडों और राड से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। किशोरी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मां की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

पीड़िता उषा पत्नी संजीव मिश्रा के अनुसार 24 फरवरी की सुबह उसकी 14 वर्षीय पुत्री प्रियांशी घर से बग्गर में जानवरों को चारा डालने जा रही थी। विपक्षी विपिन, पवन, रोहित और हरिराम पुत्रगण रामलाल ने विशाल पुत्र श्यामलाल, आशीष पुत्र रामकुमार, शुभम पुत्र भूरा और चार अज्ञात साथियों के साथ मिलकर रंजिश में उसकी पुत्री पर हमला कर घायल कर दिया। जिसमे उसका सिर फट गया। उसकी पुत्री के सिर में 20 टांके लगे है। पुत्री की हालत सीरियस है। विपक्षी उसके परिजनों को रोज गाली गलौज कर जान से मार डालने की धमकी दें रहे हैं। तहरीर के आधार पर हमलावरों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर हमलावरों की तलाश की जा रही है।

### प्लाटिंग कारोबारी पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** मोहल्ला अल्लाहपुर के रहने वाले भू स्वामियों ने एक प्लाटिंग कारोबारी पर बंद अकाउंट का चेक देने और कूट रचित ढंग से दस्तावेज बनाने का आरोप लगाते हुए धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला अल्लाहपुर निवासी नोमान खां, मोहम्मद नवाज खान, उनैसुद्दीन खां व समीउद्दीन खां ने 26 दिसंबर 2024 को ऋषभ शुक्ला निवासी मोहल्ला दिलेरगंज तथा रहबर खान निवासी बुध बाजार के पक्ष में 11 महीने का एग्रीमेंट किया था। इसके लिए 10 लाख रुपए का भुगतान किया गया। शेष राशि का ऋषभ शुक्ला ने चेक दिया। शाहिदा के नाम दिया गया चेक जब बैंक में लगाया गया तो पता चला खाता काफी दिनों से बंद चल रहा है। आरोपी ऋषभ शुक्ला के खिलाफ पुलिस ने धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच पड़ताल प्रारंभ कर दी है।

# छापेमारी कर पकड़ी 40 क्विंटल अवैध भांग

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** शहर के इंडस्ट्रियल एरिया के ब्लाक-ई में पुलिस और एसओजी की टीम ने छापेमारी कर 40 क्विंटल भांग पकड़ी है। मामले में पुलिस, आबकारी, उत्पाद और बिजली विभाग के अफसरों ने छानबीन शुरू कर दी है। प्रशासन के मांगने पर फैक्ट्री मालिक ट्रक में लदी भांग के कोई भी दस्तावेज़ नहीं दिखा सका। शुरुआती जांच में सामने आया है कि आयुर्वेदिक के नाम पर गैर कानूनी तरीके से कारोबार किया जा रहा था।

शहर की इंडस्ट्रियल एरिया सकुर्लर रोड के ब्लाक-ई में ओम आयुर्वेदिक फैक्ट्री है। शनिवार की वहां एक ट्रक पहुंचा, जिस पर बोरे लदे हुए थे, पीछे से पुलिस और एसओजी टीम भी पहुंच गई। पूछताछ में सामने आया कि ट्रक पर भांग है, पहले तो लाइसेंस का हवाला देकर पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की गई, लेकिन छानबीन में पता चला कि ओम आयुर्वेदिक फैक्ट्री में भांग से नशे की गोलिया बनाई जाती है। छापेमारी के दौरान अफसरों ने ट्रक पर लदे बोरों के दस्तावेज़ तलब किए तो फैक्ट्री मालिक नहीं प्रस्तुत कर सका। शुरुआती जांच में माना जा रहा है कि आयुर्वेदिक फैक्ट्री में गैर कानूनी तरीके से भांग पहुंची, फिलहाल हर पहलू की बारीकी से जांच-पड़ताल की जा रही है।



छापेमारी में जांच करते आबकारी व पुलिस टीम। अमृत विचार

- **आयुर्वेदिक फैक्ट्री मालिक नहीं दिखा सका वैध दस्तावेज़**
- **फैक्ट्री में नशे की गोलियां बनाए जाने का दावा**

### आयुर्वेदिक फैक्ट्री में हर ओर मिली गंदगी

इंडस्ट्रियल एरिया के ब्लाक–ई में ओम आयुर्वेदिक फैक्ट्री में छापे के दौरान हर ओर गंदगी फैली मिली। मिक्सिंग मशीन पर मक्खियां भिनभिना रहीं थी। गुड़ पकाने वाली कढ़ाई ऐसी लग रही थी कि जैसे वर्षों से उसे साफ ही नहीं किया गया। फैक्ट्री के अंदर की तस्वीरे सोशल मीडिया पर वायरल हैं।

# निजी अस्पताल में इलाज से महिला की हालत बिगड़ी

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** हाथ में दर्द की शिकायत होने पर महिला अपने दामाद के साथ शहर के मन्नापुरवा स्थित एक निजी हास्पिटल में दवा लेने पहुंची। डाक्टर ने उसे एक दिन की दवा देते हुए अगले दिन फिर बुलाया। अगले दिन भी एक दिन की दवाई दी। दवा खाने के बाद कमला की हालत बिगड़ गई और पूरे शरीर पर फफोले पड़ गए। घर वाले उसे लखनऊ मेडिकल कालेज लेकर पहुंचे, जहां उसका इलाज चल रहा है।



महिला की पीठ पर पड़े फफोले।

- **हाथ में दर्द होने की थी शिकायत दवा खाते ही महिला के पूरे शरीर में पड़ गए बड़े-बड़े फफोले**
- **लखनऊ में चल रहा इलाज**

कछौना कोतवाली के दनईखेड़ा मजरा कुकुही निवासी राम नारायण की पत्नी कमला ने हाथ में दर्द होने की बात दामाद सुनील कुमार को बताई। सुनील 18 फरवरी को उसे लेकर लखनऊ रोड मन्नापुरवा एक निजी हास्पिटल लेकर पहुंचा। सुनील ने बताया कि दवा खाने के बाद कमला की तबियत बिगड़ने के साथ पीठ और हाथ-पैर में बड़े-बड़े फफोले पड़ गए। सुनील उसे लेकर फिर वहीं पहुंचा, वहां तीन तक कमला को भर्ती रखा गया, लेकिन हालत में सुधार नहीं हुआ। सुनील ने डाक्टर से कहा तो उन्होने कोई सही जवाब नहीं दिया और इलाज चलते रहने को कहा। इधर कमला की ऐसी हालत हो गई कि वह हाथो. पर आ गई, उसके बाद घर वाले उसे लखनऊ मेडिकल कालेज उठा ले गए, सुनील ने बताया कि निजी हास्पिटल के डाक्टरों की दवा ने उसकी सास की ज़िंदगी दांव पर लगा दी। उसने पुलिस को इस मामले की तहरीर देने की बात कही है।

### किशोर ने फांसी लगाकर दे दी जान

**हरदोई, अमृत विचार।** गांव में खेती-बाड़ी में हाथ बंटा रहे किशोर ने शारदा नहर के किनारे एक पड़ में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। इसका पता होने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेकर पूछताछ की। सुरसा थाने के बढैइनपुरवा निवासी मदनपाल के 17 वर्षीय पुत्र अभिषेक ने शनिवार की दोपहर गांव से पूरब निकली शारदा नहर के किनारे खड़े कंजी के पेड़ पर रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसका लटकता हुआ शव देखते ही पूरे गांव में हड़कंप मच गया।

# सजा दो घर को गुलशन सा, अवध में...

**हरदोई, अमृत विचार।** श्री खाटू श्याम संकीर्तन समिति के द्वारा आपके शहर में मुहिम गली-गली ऐलान होना चाहिए हर जगह बाबा का गुणगान होना चाहिए के तत्वाधान में श्री खाटू श्याम संकीर्तन समिति का मासिक कीर्तन शहर के पावन भजन पावन स्थल; अग्रवाल धर्मशाला रेलवेगंज में संपन्न हुआ।

इसमें भजन गायक कोलकाता से चलकर कोलकाता की आन बान शान पारस बरडिया ने भजन गया- सजा दो घर को गुलशन सा, अवध में राम आए हैं, मेरे सरकार आए हैं, लगे कुटिया भी दुल्हन सी, अवध मे राम आए हैं, सजा दो घर को गुलशन सा, अवध में राम आएं हैं। लखनऊ से चलकर लखनऊ, की आन बान शान, कविता सिंह जी ने भजन गया..तीन बाण के कलाधारी, कला मुझे भी दिखा दे तू, जैसे दर्शन सबको देता, वैसे मुझे करा दे तू, अब मैं खड़ा हूँ द्वार तुम्हारे, दोनों हाथ जोड़ के, लेने आजा खाटू वाले, रींगस के उस मोड़ पै। दूसरे दिन खाटू श्याम संकीर्तन समिति का भंडारा सिनेमा चौराहा मोनी बाबा मंदिर पर आयोजित किया गया। इस मौके पर श्याम सेवक आर्यन अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, धर्मेंद्र गुप्ता, अपूर्व गुप्ता सहित तमाम श्यामप्रेमी मौजूद रहे।



भजन सुनाते गायक।



फ्लैग मार्च करते एएसपी व सीओ। अमृत विचार

### फ्लैग मार्च कर पुलिस ने परखी सुरक्षा व्यवस्था

**पिहानी–बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** होली और रमजान पर्व को सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से कोतवाली पिहानी में आयोजित समाधान दिवस के बाद शनिवार शाम क्षेत्र में सख्त सुरक्षा व्यवस्था के बीच फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च अजीत सिंह चौहान (सीओ हरियावां) एवं मार्तंड प्रकाश (एडिशनल एसपी) के नेतृत्व में निकाला गया। उनके साथ कोतवाल छोटे लाल व भारी पुलिस बल मौजूद रहा। बिलग्राम संवाददाता के अनुसार शुक्रवार को प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार के नेतृत्व में कस्बा बिलग्राम व आसपास के मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में व्यापक पैदल गश्त और निगरानी अभियान चलाया गया।

### डीएम-एसपी ने किया जिला जेल का निरीक्षण

**हरदोई, अमृत विचार।** शनिवार को जिलाधिकारी अनुनय झा व पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के साथ जिला कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बंदियों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली तथा उनकी शिकायतों को समय से निस्तारित कराने का आश्वासन दिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कारागार के भोजनालय को देखा तथा जेल अधीक्षक को निर्देश दिये कि बंदियों को गुणवत्ता परक भोजन समय से दिया जाये। एसपी ने उपस्थित डाक्टरों को निर्देश दिये कि बीमार बंदियों की उचित जांच करायें और गंभीर बीमार बंदियों को जिला चिकित्सालय में भर्ती करायें।



गोल्ड मेडल के साथ छात्राएं साथ में मौजूद शिक्षक। अमृत विचार

### विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लेने वाले बच्चों को दिए गोल्ड मेडल

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कैरियर पब्लिक स्कूल में गुरुवार को संपन्न विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लेने वाले समस्त 81 बच्चों को मलकापुर की सभासद जिया जुनैद ने गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया। गुरुवार को कैरियर पब्लिक स्कूल में प्रबंधक डा. सलीम सिद्दीकी की देखरेख में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था, जिसमें कक्षा 9 के छात्र–छात्राओं ने एक से एक बेहतरीन उपकरणों का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी को अवलोकन करने के बाद तीन विजेताओं को सर्वश्रेष्ठ घोषित किया गया था, जिन्हें उसी दिन मुख्य अतिथि डॉ. शारिक परवेज, प्रोफेसर इमरान अली खान, चौधरी उमेश गुप्ता, डॉक्टर मनीष शर्मा एवं सभासद प्रतिनिधि जुनैद अली खान ने प्रदान किया था। सभासद प्रतिनिधि ने प्रदर्शनी में भाग लेने वाले सभी 81 छात्र–छात्राओं को हौसला–अफजाई के लिए गोल्ड मेडल प्रदान करने का ऐलान किया था। शनिवार को स्कूल कैंपस में सभासद जिया जुनैद ने बच्चों को गोल्ड मेडल पहनकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रोफेसर इमरान खान, डॉ सलीम सिद्दीकी, उमैर अली खान एवं प्रधानाचार्य, उप प्रधानाचार्य सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# जीएसटी में 16.42 करोड़ के फर्जीवाड़े के आरोपी हुए रिहा

**हरदोई, अमृत विचार।** कोर्ट ने जीएसटी में 16.42 करोड़ रुपये के फर्जीवाड़े के मामले में गिरफ्तार तीनों आरोपियों को 50 हज़ार के निजी मुचलके पर रिहा कर दिया। कोर्ट ने पुलिस रिमांड निरस्त किए जाने के बाद जांच और पेश किए गए सबूतों पर सवाल उठाये।

बताते चलें कि पिछले साल 24 जून रविंद्र कुमार उपायुक्त राज्यकर (खण्ड-1) की तहरीर पर कोतवाली शहर में केस दर्ज कराया था। आरोप था कि सर्व अली इंटरप्राइजेज के द्वारा पड़ोसी राज्यों की फर्मो को बड़ी रकम ट्रांसफर की थी। पुलिस ने पहले गबन का मामला दर्ज किया, उसके बाद फर्ज़ीवाड़ा, साजिश आदि धाराओं मे.तरमीम हुआ था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दिल्ली निवासी योगेन्द्र सिंह फर्त्याल, निशांत दर्शन और हिमांशु कुमार को गिरफ्तार किया था। कोर्ट में पेशी के दौरान रिमांड पर सुनवाई हुई, उसके बाद कोर्ट ने रिमांड निरस्त करते हुए तीनों आरोपियों को निजी मुचलके पर रिहा करने का आदेश दिया।

बार एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री वरिष्ठ अधिवक्ता आदर्श कुमार पाण्डेय का कहना है कि पुलिस जांच में पर्याप्त सबूतों का अभाव रहा, जिसके चलते कोर्ट ने रिमांड मंजूर नहीं की।

योजना | क्यूआर कोड से यात्रियों को चालक की जानकारी आसानी से मिल सकेगी, अवैध वाहनों पर लगेगी रोक

# ऑटो व ई–रिक्शा के लिए अलग–अलग रंग के रूट तय

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** शहर में ऑटो और ई-रिक्शा के लिए 10 और ग्रामीण इलाको में 7 रूट तय किए गए हैं, जोकि अलग-अलग रंग में नज़र आएगे, उसी के लिए क्यूआर कोड के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस योजना के तहत, ऑटो और ई-रिक्शा पर क्यूआर कोड लगाया जाएगा, जिसमें चालक और उसके वाहन की जानकारी होगी। इससे यात्रियों को चालक की जानकारी आसानी से मिल सकेगी और अवैध वाहनों पर रोक लगेगी।

क्यूआर कोड के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू हो गई है और इसके लिए वाहन मालिकों को अपने वाहन का रजिस्ट्रेशन नंबर, इंश्योरेंस, फिटनेस सर्टिफिकेट और चालक का चरित्र प्रमाण पत्र अपलोड करना होगा। सत्यापन प्रक्रिया पूरी होने के बाद, प्रत्येक वाहन को एक यूनिक क्यूआर कोड स्टीकर प्रदान किया जाएगा, जिसे वाहन की विंडस्क्रीन या फ्रंट शीशे पर चिपकाना अनिवार्य होगा। ट्रैफिक इंचार्ज प्रमोद यादव ने बताया कि फार्म वितरित किये जा रहे हैं, जल्द ही प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। सारे रूट अलग-अलग रंग में नज़र आएगे।



ई–रिक्शा में क्यूआर कोड लगवाते चालक। अमृत विचार

# पत्नी के न आने पर युवक ने ट्रेन से कटकर की आत्महत्या

संवाददाता, हरदोई, पिहानी

**अमृत विचार।** पत्नी को विदा कराने ससुराल पहुंचे पति का उससे विवाद हो गया। नाराज होकर युवक ससुराल से घर लौटा और ट्रेन के आगे कूद गया। जहानीखेड़ा पुलिस चौकी के महमूदपुर रेलवे क्रासिंग पर उसका शव पड़ा मिला। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

शनिवार की सुबह पिहानी कोतवाली के ज्ञानपुरवा मजरा महमूदपुर भगत निवासी गौरव (27) पुत्र जसपाल सिंह का क्षत-विक्षत शव गांव से लगभग एक किलोमीटर दूर महमूदपुर रेलवे क्रासिंग के पास ट्रैक पर पड़ा था। आसपास के लोगों ने गौरव के बड़े भाई संजय सिंह को सूचना दी। संजय सिंह ने बताया कि गौरव की शादी सीतापुर जिले के गुजरा निवासी भगवान सिंह की बेटी खुशबू से हुई थी। उसके दो साल की बेटी है। तकरीबन एक साल से खुशबू मायके में ही रह रही थी। गौरव उसे कई बार विदा कराने के लिए गया, लेकिन वह आने को तैयार नहीं हुई। संजय सिंह ने आगे बताया कि गुरुवार को गौरव अपनी ससुराल जाने की बात कहकर घर से ससुराल पहुंचा। वहां पत्नी के साथ नोंकझोंक होने के बाद गौरव वापस लौटा और उसी के तनाव में ऐसा कदम उठा लिया। गौरव अपने दो भाइयों में छोटा था, वह गाजियाबाद में रहकर एक निजी कम्पनी में नौकरी करता था।



गौरव की फाइल फोटो।

### देशभक्ति और विज्ञान का दिखा संगम

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** क्षेत्र के प्रतिष्ठित डीपीएसडी पब्लिक स्कूल में आयोजित विज्ञान मेला और सांस्कृतिक-ऐतिहासिक प्रदर्शनी ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। छात्र-छात्राओं ने भारत के गौरवशाली अतीत से लेकर आधुनिक डिजिटल युग तक की प्रेरक झांकियां और आकर्षक मॉडल प्रस्तुत कर कार्यक्रम को यादगार बना दिया। प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण 1928 के ऐतिहासिक साइमन कमीशन का विरोध की जीवंत झांकी रही, जिसने स्वतंत्रता संग्राम के संघर्षों को सजीव कर दिया। वहीं डिजिटल इंडिया थीम पर आधारित मॉडलों ने आधुनिक तकनीकी भारत की प्रगति को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया।



**रोजा**

शिया
सहरी : 05.01 बजे
अफ्तार : 06.20 बजे

सुन्नी
सहरी : 05.08 बजे
अफ्तार : 06.10 बजे

# 500 करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी के चार शातिर गिरफ्तार

## लाखों की नकदी, कार, मोबाइल तथा सिम बरामद



वारदात का खुलासा करते एएसपी विनायक गोपाल भोसले और पकड़े गए आरोपी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचारः** 20 राज्यों में 1221 फर्मों के सहारे लगभग 500 करोड़ की जीएसटी चोरी में निरुद्ध चार अंतरराज्यीय शातिरों को सीतापुर पुलिस ने दबोचा। एसओजी टीम ने आरोपियों के कब्जे से दो लाख से अधिक नकदी, हीरों की अंगूठियां, गहने, कार, मोबाइल, सिम आदि बरामद किये है। एएसपी विनायक गोपाल भोसले के मुताबिक डीजीपी के निर्देश पर प्रदेश में गठित एसआईटी टीम ने अलग-अलग जनपदों में 118 मुकदमें दर्ज किए। सीतापुर शहर व उसके आसपास फर्जी कंपनी बना लाखों के वारेन्यारे हुए। इसे लेकर में कोतवाली नगर व देहात में केस दर्ज हुआ। आईजी रेंज लखनऊ किरन एस. के निर्देश पर एसपी अंकुर अग्रवाल ने जांच की जिम्मेदारी एसओजी टीम को सौंपी। टीम इंचार्ज इंस्पेक्टर सतेंद्र विक्रम सिंह ने सर्विलांस व मुखबिर की मदद से पड़ताल की तो पता चला कि जीएसटी चोरी करने वाले गिरोह का नेटवर्क उप्र सहित 20 राज्यों में है। सटीक सूचना पर आगरा के थाना सैंया के चौकी दारगी स्थित मोहल्ला सैंया निवासी गैंग सरगना सोना उर्फ आशीष, थाना सम्साबाद के बड़ा गांव इगलासपुर निवासी कुलदीप सिंह, थाना शाहगंज के नंगला कड़ेरू नरीपुरा निवासी विवेक कुमार और उत्तराखण्ड के अल्मोड़ा जनपद स्थित थाना रामनगर के भरतपुरी निवासी सूरज रावत को गिरफ्तार किया। इनके पास से दो लाख से अधिक की नकदी, हीरों की दो अंगूठिया, सोने की चेन, कार, मोबाइल, सिम आदि बरामद किया गया। गैंग सरगना सोना की प्रेमिका अल्मोड़ा की अंजली आदि का पकड़ा जाना बाकी है।

**इन राज्यों में जीएसटी चोरी**

तमिलनाडु, कर्नाटक, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उप्र सहित अन्य जनपदों में एक हजार से अधिक जीएसटी की फर्जी फर्में बनाकर आईटीसी की चोरी की गई है।

# राजस्थान वाया दुबई से करोड़ों रुपये की हेराफेरी

अमृत विचार EXCLUSIVE

जीशान कदीर, सीतापुर

**अमृत विचारः** हेलो ! मैं कंपनी से बोल रहा हूं। आपको नौकरी चाहिए तो इस नंबर पर अपना बायोडाटा भेज दें। फिर क्या था, धड़ाधड़ बेराजगार युवक-युवतियों की डिग्रियां फोन नंबरों पर आ गईं। शातिरों ने ओटीपी के सहारे खेल करते हुए फर्जी कंपनियां बनाई और करोड़ों के वारे-न्यारे कर दिए।

सीतापुर के सहायक पुलिस अधीक्षक विनायक गोपाल भोसले ने इन्हीं जीएसटी चोरी करने वाले गैंग को पकड़ने के लिए एसओजी टीम प्रभारी सतेंद्र विक्रम सिंह को जिम्मेदारी सौंपी। खंगालने पर पता चला कि अलग-अलग फोन नंबरों से ओटीपी मंगाकर बैंक खाते खोले गए। उनके लाखों के ट्रांजिक्शन हुए। फिर पुलिस टीम ने उन नंबरों को एक्टिव किया। कड़ियां जुड़ी तो पता चला कि गैंग ने बीस राज्यों में 1221 फर्जी फर्में बनाई हैं। इनके नाम के खातों में डाले गए पैसों का ट्रांजिक्शन राजस्थान, बैंगलोर, केरल सहित अन्य स्थानों पर किया जा चुका है। शातिरों का आका शिवा राजस्थान से दुबई तक साम्राज्य फैलाए हुए है। ऐसे में टीम अल्मोड़ा की अन्नू उर्फ अंजली (वर्तमान में नोयडा शिफ्ट), राजस्थान के शिवा और यूपी के बड़े कारोबारी की तलाश में है। एएसपी का कहना है वांछित आरोपी के लिए साक्ष्य एकत्र किये जा रहे हैं।

**गिरी गाज तो निलंबित आयुक्त ने कराई एफआईआर**

सीतापुर में पूजा सिंह पत्नी ईश्वर दयाल सिंह निवासी आई हॉस्पिटल रोड, लोहारबाग द्वारा फर्जी फर्म खोली गई, लाखों के वारे-न्यारे हुए फिर खाते आदि को बंद कर दिया गया। ऐसा ही अन्य मामलों में हुआ। विभागीय जानकार बताते हैं कि जब कोई कंपनी बनती है तो उसकी विभागीय जांच भी होती है। निश्चित समय सीमा तक इन जांच में लापरवाही/संदिग्धता बरती गई, ऐसे में कार्यालय उपायुक्त राज्य कर खण्ड दो संजय नाथ सरोज को विभाग से निलंबित किया। गाज गिरती देख कई माह बाद संबंधित निलंबित अधिकारी की ओर से ही एफआईआर दर्ज कराई गई।

**राजस्थान से ली ट्रेनिंग आगरा से फैलाया नेटवर्क**

सोना उर्फ आशीष ने अपनी प्रेमिका अन्नू उर्फ अंजली के साथ राजस्थान में रुककर शातिर अपराधी शिवा से हेरफेर की ट्रेनिंग ली। बाद में आगरा लौटकर एक छोटे से कमरे में फर्जीवाड़े की शुरूआत की। दायरा बढ़ने पर नोयडा को अपना ठिकाना बनाया।

**युवाओं ने फर्जीवाड़े से बनाई आलीशान इबारत**

सोना उर्फ आशीष व उसके साथी ग्रेजुएट हैं। आशीष के संपर्क में अंजू उर्फ अंजली आई, आगरा के बाद इन लोगों ने पश्चिम यूपी में ठिकाना बनाया। पैसे अधिक बढ़ने पर हीरों की अंगूठियां, आगरा में लक्जरी मकान, सोने की चेन और गहने व कार आदि खरीदे।

**न्यूज ब्रीफ**

## विकास नगर में रंजिश को लेकर युवक पर फायरिंग, हालत गंभीर

**महोली, सीतापुर :** कोतवाली क्षेत्र के विकास नगर कॉलोनी में शनिवार देर शाम पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक पर जानलेवा हमला हुआ। गांव के ही दबंग ने चारा लेने जा रहे युवक पर फायरिंग कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, विकास नगर निवासी अवनीश दीक्षित अपने पशुओं के लिए चारा लेने जा रहा था। आरोप है कि तभी गांव के ही अटल बाजपेई पुत्र कमल बाजपेई ने उसे रोक लिया। अटल ने पहले अवनीश के सिर पर असलहे के बट से वार किया और फिर उस पर गोलियां चला दीं। गोली लगने से अवनीश लहूलुहान होकर मौके पर ही गिर पड़ा। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। गांव में पुलिस बल तैनात किया गया है ताकि किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय घटना न हो सके।

## मिठाई लेने के बहाने मोबाइल चुराया

**सीतापुर, अमृत विचार :** शहरी क्षेत्र के कजियारा चौराहे पर एक शातिर ने ग्राहक बनकर मिठाई की दुकान से मोबाइल पार कर दिया। वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। कजियारे निवासी कदीर अहमद की मिठाई की दुकान है। इनके मुताबिक, दोपहर बाद एक मास्क लगाए युवक आया। उसने मिठाई का ऑर्डर दिया। जैसे ही वो मिठाई पैक करने के लिए काउंटर से थोड़ा हटकर अंदर मुड़े, युवक ने तराजू के पास रखा मोबाइल फोन उठा लिया और रफूचक्कर हो गया। सीसीटीवी में आरोपी चोरी करते साफ नजर आ रहा है। पुलिस सीसीटीवी के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही है।

## जींस-टीशर्ट पहनकर स्कूल न आएं शिक्षक

**कमलापुर, सीतापुर :** कसमंडा स्थित पार्वती विद्या मंदिर जूनियर हाईस्कूल में नेतृत्व क्षमता विकसित करने के लिए छात्रा अर्पिता तिवारी को एक दिन का प्रधानाध्यापिका बनाया गया। कार्यभार संभालते ही अर्पिता ने अनुशासन पर कड़ा रुख अपनाते हुए निर्देश दिया कि विद्यालय की गरिमा बनाए रखने के लिए कोई भी शिक्षक या कर्मचारी जींस-टीशर्ट पहनकर नहीं आएगा। अपने एक दिवसीय कार्यकाल में उन्होंने प्रार्थना सभा और कक्षाओं का निरीक्षण किया। साथ ही प्रबंधक त्रिभुवन सिंह को पत्र लिखकर खेलकूद के विजेता छात्रों को पुरस्कृत करने का अनुरोध किया, जिसे स्वीकार कर लिया गया।

## गंदगी फैलाने की डीएम से की शिकायत

**लहरपुर, सीतापुर :** ग्राम मल्लापुर नगई की एक महिला ने जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. को प्रार्थना पत्र देकर अपनी जमीन पर अवैध कब्जे और मंदिर के सामने गंदगी फैलाने का आरोप लगाया है। ग्राम निवासी फूलादेवी पत्नी स्व. रामजीवन ने दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि गांव के ही कुछ दबंग व्यक्ति उनकी पुश्तैनी जमीन पर जबरन कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि वहां पहले से नींव भरी हुई है। आरोप है कि विपक्षीगण मंदिर के दरवाजे पर कूड़ा-करकट और राख डालते हैं।

## होली पर भुगतान न होने से मजदूरों में रोष

**सीतापुर, अमृत विचार :** दारूका मिल पर श्रमिकों का प्रदर्शन तीसरे दिन भी जारी रहा। संयुक्त किसान मोर्चा के संयोजक पिंदर सिंह सिद्धू ने कहा होली जैसे पर्व पर भी यदि मिल मालिकों ने मजदूरों का बकाया भुगतान नहीं किया, तो गरीबों के घर खुशियां कैसे आएंगी। सिद्धू ने चेतावनी दी कि यदि एक मार्च तक भुगतान नहीं हुआ, तो दो मार्च को श्रमिक लखनऊ में बड़ा आंदोलन करेंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। इस दौरान किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा की जिला अध्यक्ष सोनीश्री, जिला सचिव अमन सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## बदालपुरवा मोहल्ले में प्रत्येक रविवार लगेगा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**संवाददाता बिसवां, सीतापुरः** सेवा भारती के तत्वाधान में कस्बे के मोहल्ला बदालपुरवा स्थित सेंट जेवियर स्कूल में साप्ताहिक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर का उद्घाटन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्र सेवा प्रमुख युद्धवीर ने फीता काटकर किया। उन्होंने बताया कि जनसेवा के उद्देश्य से अब प्रत्येक रविवार सुबह दस से शाम चार बजे तक यहां निःशुल्क ओपीडी संचालित होगी। मरीजों को निःशुल्क परामर्श के साथ-साथ संस्था की ओर से दवाएं और जरूरी जांचें भी मुफ्त उपलब्ध कराई जाएंगी। शिविर में डॉ. विमल गुप्ता एवं डॉ. देवेश तिवारी अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। इस अवसर पर अवध प्रांत के प्रचार प्रमुख अभिषेक सिंह, भास्कर, मोहित जायसवाल, आनंद मिश्रा, मनोज वर्मा, विमलेश अवस्थी, अमित जायसवाल, प्रखर शुक्ला और पंकज सिन्हा सहित कई गणमान्य नागरिक व तीमारदार उपस्थित रहे।

## गहनों के विवाद में टूट गयी शादी

**मिश्रिख, सीतापुरः** कोतवाली क्षेत्र के गांव इस्लामनगर में गहनों की गुणवत्ता को लेकर हुआ विवाद इतना बढ़ा कि फेरों से पहले ही शादी टूट गई। लखीमपुर खीरी के लिधियाई गांव से आई बारात को बिना दुल्हन के ही वापस लौटना पड़ा। परिजनों के अनुसार, मंजेश की बारात में जयमाला तक सब ठीक रहा, लेकिन शुक्रवार भोर में फेरों के वक्त चढ़ावे के गहनों को लेकर कहासुनी हो गई। वधू पक्ष का आरोप था कि कान के झुमके पुराने हैं और बिछुओं का वजन कम है। विवाद बढ़ने पर पुलिस ने भी समझौते की कोशिश की, लेकिन बात नहीं बनी। अंततः शुक्रवार शाम दूल्हा व बाराती बिना वधू के ही लौट गए।

## स्वयं सहायता समूहों को सशक्त बनाएं: डीएम



स्वयं सहायता समूह की बैठक करते डीएम डॉ. राजा गणपति आर। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार :** डीएम डॉ. राजागणपति आर. ने विकास भवन सभागार में ब्लॉक स्तरीय योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूहों को मजबूत करने और उनके उत्पादों की बेहतर मार्केटिंग व आकर्षक पैकेजिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीएम ने 'एक ब्लॉक एक उत्पाद' योजना पर जोर देते हुए कहा कि सभी बीडीओ अपने ब्लॉक में एक उत्पाद चिह्नित कर उसके संवर्धन की कार्यवाही करें। साथ ही, उन्होंने राशन की रिक्त दुकानों के आवंटन, अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण और गौ-आश्रय स्थलों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए गोबर के उत्पाद तैयार करने के निर्देश दिए। बीडीओ नियमित गांवों का दौरा कर विकास कार्यों की गुणवत्ता जांचें।

## थानों की पुलिस ने दस वांछितों को दबोचा

**सीतापुर, अमृत विचार :** जिले में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दस वांछित और वारंटियों को गिरफ्तार किया है। एसपी अंकुर अग्रवाल के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों ने इन अभियुक्तों को पकड़ा। थाना तालगांव में पुलिस ने चोरी और पाक्सो एक्ट से जुड़े चार अभियुक्तों दुजई बौरा, रामहेत, राजकुमार और कुबेर को गिरफ्तार किया। कोतवाली देहात में टीम ने विभिन्न मुकदमों में वांछित चार वारंटियों मुसाफिर, दिलदार, दिलशाद और जुगुल किशोर को हिरासत में लिया। थानगांव पुलिस ने वारंटी धन्नू और सकरन पुलिस ने अयोध्या को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। सभी को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर दिया गया है।

## थाना दिवस में आईं 21 शिकायतें, 3 निस्तारित

**रामपुर मथुरा, सीतापुर :** थाना परिसर में शनिवार को तहसीलदार अनिल कुमार राम की अध्यक्षता में 'थाना समाधान दिवस' आयोजित हुआ। इस दौरान कुल 21 मामले आए जिनमें से 3 का मौके पर समाधान कर दिया गया। प्राप्त सभी शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित थीं जबकि पुलिस विभाग से जुड़ी एक भी शिकायत दर्ज नहीं हुई। तहसीलदार ने 18 मामलों के लिए संबंधित लेखपालों को मौके पर जाकर जांच करने के कड़े निर्देश दिए। इस मौके पर थानाध्यक्ष श्यामू कनौजिया, नायब तहसीलदार और क्षेत्रीय लेखपाल समेत कई लोग मौजूद रहे।



फागुन महोत्सव में जुटे श्रद्धालु। अमृत विचार

## श्याम भजनों से भक्तिमय हुआ बिसवां

**बिसवां, सीतापुर :** कोतवाली के निकट स्थित श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम सतरंगी फागुन महोत्सव' के अंतर्गत भव्य भजन संध्या श्रद्धा व उत्साह के साथ संपन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ गायक मयूर वर्मा ने गणेश वंदना व हनुमान स्तुति से किया। भजन संध्या में गायक देव शुक्ला के भजन "कोई खाली हाथ ना लौटा दरबार से" पर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। सुप्रसिद्ध भजन गायिका दीपांशी तिवारी 'सनातनी' ने "वृंदावन में डोलोगे तो राधे-राधे बोलोगे" व जगन्नाथ चक नेना जैसे भजनों से समां बांध दिया। वहीं, कुमार शुभम ने कीर्तन की है रात बाबा प्रस्तुत कर भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से शिव कुमार खेतान, नरेश खेतान, मुकेश, मनीष, सौरभ बंसल, रमेश, अंकित, अमित नौसरिया, अंकित धवन, सचिन सिंह, संतोष गुप्ता, डॉ. विमल, विजय अवस्थी आदि मौजूद रहे।

## पिकअप में लगी आग, मची भगदड़

**महमूदाबाद, सीतापुरः** कस्बे के रामकुंड चौराहे पर शुक्रवार रात बीआरसी कार्यालय के सामने खड़ी एक पिकअप वैन धू-धू कर जल उठी। देर रात हुई इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। राहगीरों के अनुसार, मोहम्मद सफी की पिकअप लाई से लदी हुई थी। ज्वलनशील सामग्री होने के कारण आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची दमकल की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक वाहन और सामान जलकर राख हो चुका था। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। प्रथम दृष्टया आग का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। जांच की जा रही है।




समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर। अमृत विचार

## डीएम ने परखी विकास व चुनाव कार्यों की प्रगति

**सीतापुर, अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी राजागणपति आर. की अध्यक्षता में दो महत्वपूर्ण समीक्षा बैठकें संपन्न हुईं। पहली बैठक में डीएम ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को चेताया कि मतदाता सूची में न तो किसी अपात्र का नाम जुड़े और न ही कोई पात्र व्यक्ति छूटने पाए। उन्होंने धीमी प्रगति वाले अधिकारियों को फटकार लगाते हुए ऑनलाइन फीडिंग में तेजी लाने के निर्देश दिए। दूसरी बैठक में नगरीय निकायों के विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि शहर के चौराहों का चौड़ीकरण किया जाए और सरकारी जमीनों को अवैध अतिक्रमण से मुक्त कराया जाए। उन्होंने कहा कि ई-रिक्शा का संचालन केवल निर्धारित रूट चार्ट पर ही हो। डीएम ने नैमिषारण्य में ओडीओपी उत्पादों की बिक्री के लिए शोरूम स्थापित करने के भी निर्देश दिए। बैठक में एडीएम नीतीश कुमार सिंह, एसडीएम सदर धामनी एम. दास व ईओ वैभव त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## नाला निर्माण बना राहगीरों के लिए आफत



नाली के पानी के बीच निकलते परिक्रमार्थी। अमृत विचार

**नैमिषारण्य, सीतापुर :** एमबीएम पब्लिक स्कूल के सामने की सड़क प्रशासनिक लापरवाही की कहानी बयां कर रही है। लोगों के मुताबिक यहाँ निर्माणाधीन नाले का पानी सड़क पर फैलने से स्थिति नारकीय हो गई है। जलभराव से बच्चों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय दुकानदारों का भी दुर्गंध के कारण जीना मुहाल है। स्कूल प्रबंधक माता रामानुज कुमारी ने बताया कई महीनों से निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है। शिकायत के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो रहा है जो मासूम बच्चों और राहगीरों के लिए किसी बड़े हादसे का सबब बन सकता है।

## सात आरोपियों को किया गिरफ्तार, तीन को सजा

**सीतापुर, अमृत विचारः** एसपी अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर जिले में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस टीमों ने अलग-अलग क्षेत्रों से 7 वांछित व वारंटियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। थाना सकरन से चार, बिसवां, थानगांव और रामपुर मथुरा से 1-1 अभियुक्त शामिल हैं। रामपुर मथुरा पुलिस ने वांछित विनय कुमार उर्फ कल्लू को दबोचा है। वहीं, थाना कमलापुर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए एक गुमशुदा आठ वर्षीय मूक-बधिर बालक को महज एक घंटे के भीतर बरामद कर परिजनों को सौंपा। प्रभारी निरीक्षक ईतुल चौधरी के नेतृत्व में टीम ने गंज चौराहे के पास से बालक को सकुशल ढूंढ निकाला। एक अन्य महत्वपूर्ण मामले में, ऑपरेशन कन्विक्शन' के तहत प्रभावी पैरवी के चलते न्यायालय ने महमूदाबाद के तीन दोषियों क्रमशः हरिनाम, शिव कुमार और सुरेंद्र को 10-10 वर्ष के कठोर कारावास और 5-5 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।



बैठक के दौरान कस्बावासियों को संबोधित करते क्षेत्राधिकारी लहरपुर। अमृत विचार

## त्योहारों को लेकर पीस कमेटी की बैठकें संपन्न

**सीतापुर/ बिसवां :** होली और रमजान को आपसी भाईचारे व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को जिले के विभिन्न थानों में पीस कमेटी की बैठकें आयोजित की गईं। खैराबाद थाने में एसडीएम (सदर) धामिनी एम. दास और सीओ सिटी विनायक गोपाल भोसले की मौजूदगी में बैठक हुई। इस दौरान सीएचसी प्रभारी व अन्य क्षेत्रीय अधिकारी भी मौजूद रहे। उधर, रेउसा थाना परिसर में थानाध्यक्ष हनुमंत तिवारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में हिंदू-मुस्लिम समुदाय के लोगों ने शिरकत की। डॉ. संदीप बाजपेई ने कहा कि ईद और नवरात्रि का साथ होना हमारी साझा संस्कृति का प्रतीक है। थानाध्यक्ष ने करसा और राजापुरकला जैसे गांवों के होलिका दहन विवादों का निष्पक्ष निस्तारण करने का भरोसा दिया। पुलिस ने सख्त हिदायत दी है कि त्योहारों पर नशे से दूर रहें।

## घुमंतू परिवार की महिलाओं को सौंपी ई-रिक्शा की चाबी

**लहरपुर, सीतापुरः** मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या ने शुक्रवार को विकास खंड परिसर में 'नैमिष वॉरियर' कार्यक्रम के तहत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को ई-रिक्शा की चाबी सौंपी और हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सीडीओ ने महिलाओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें माला पहनाकर सम्मानित भी किया। इसके पश्चात उन्होंने जिलाधिकारी के ड्रीम प्रोजेक्ट बंजारा टाउनशिप' ग्राम भवानीपुर का निरीक्षण किया। सीडीओ ने परियोजना निदेशक अनिल चौधरी को निर्देशित किया कि टाउनशिप में ही शिविर लगाकर सभी बंजारा परिवारों के आधार कार्ड बनवाए जाएं। उन्होंने बंजारा समाज के लोगों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और टाउनशिप में स्कूल, बिजली, सामुदायिक शौचालय, पार्क व तालाब सौंदर्यीकरण के कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी सहित ब्लॉक व ग्राम पंचायत स्तर के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## निर्माणाधीन गौशाला का डीएम ने किया निरीक्षण

**सीतापुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने सिधौली स्थित निर्माणाधीन वृहद गौसंरक्षण केंद्र सराय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने गौवंश के लिए पानी, भूसा और हरे चारे के इंतजामों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान गौशाला तक सड़क न होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए खंड विकास अधिकारी को क्षेत्र पंचायत निधि से तत्काल सड़क निर्माण कराने के निर्देश दिए। टीन शेड की व्यवस्था देखते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण की गुणवत्ता में कोई समझौता न किया जाए। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अगले 15 दिनों के भीतर सभी कार्य मानक के अनुरूप पूर्ण कर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को केंद्र हैंडओवर कर दिया जाए। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. एमपी सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## उत्साह से निकली श्याम निशानयात्रा



श्याम निशानयात्रा निकालते भक्त। अमृत विचार

**बिसवां, सीतापुर :** नगर में श्री श्याम फागुन सतरंगी निशान उत्सव यात्रा आस्था और भव्यता के साथ संपन्न हुई। जय श्री श्याम और जय सालासर बालाजी के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। यात्रा का शुभारंभ चीनी मिल स्थित हनुमान मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद हुआ। यहाँ से श्रद्धालु हाथों में निशान लेकर शुगर फैक्ट्री मुख्य द्वार, मिस्टरगंज, तहसील, बड़ा चौराहा और पत्थर शिवाला होते हुए श्री खाटू श्याम मंदिर पहुंचे। मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। ढोल-नगाड़ों और भजनों की धुन पर श्याम भक्त झूमते नजर आए। निशान यात्रा में स्थानीय एवं दूरदराज के इलाकों से बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे थे। इस अवसर पर मुख्य रूप से आरएसएस के जिला प्रचारक सुरेंद्र, शिवकुमार खेतान, मुकेश खेतान, मनीष खेतान, संतोष गुप्ता, महानारायण वर्मा, मयूर वर्मा, नरेश खेतान, सचिन गुप्ता, लकी सरदार, अंकित धवन, अमित नौसरिया, प्रतीक अग्रवाल, डॉ. विमल गुप्ता, जय सिंह, अनुपम अग्रवाल, अनिल रस्तोगी व अनूप श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# खैराबाद में चला बुलडोजर, अवैध निर्माण ध्वस्त

अमृत विचार IMPACT

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचारः** हरियाली फिर से लौटेगी, इस मुहिम को जिला प्रशासन ने आगे बढ़ाया है। खैराबाद कस्बे में कांशीराम कॉलोनी के नजदीक हुए निर्माण को ढहाया। सिटी मजिस्ट्रेट की अगुवाई में प्रशासनिक टीम लगभग पचास लाख से अधिक के अवैध निर्माण को जमींदोज कर सकी।

खैराबाद और आसपास फलपट्टी को पट्टी बनाकर नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध अमृत विचार की मुहिम रंग लाई, प्रशासन ने अमृत विचार में प्रकाशित हुई खबर का संज्ञान लिया। जांच की तो पाया कि बड़ी संख्या में निर्माण कार्य के दौरान नियमों की अनदेखी की गई है। नगर मजिस्ट्रेट मीनाक्षी पाण्डेय के मुताबिक, कांशीराम कॉलोनी के नजदीक कुछ भूखण्डों में निर्माण कार्य कराए गए थे। जांच करने पर पता चला कि निर्माण कार्य नियमों के विपरीत थे, ऐसे में अवैध निर्माण कार्यों को ढहाया गया। प्रशासनिक कार्रवाई के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में तहसील सदर अधिकारी व स्थानीय पुलिस बल व नगर पालिका कर्मी भी मौजूद थे।

**कहा था ऐसा मत करोः** प्रशासनिक सख्ती का असर रहा कि कई रसूखदार दूर से वाहनों में बैठकर अपने बनाए तिलस्म को ढहते हुए देखते रहे। इसी बीच एक युवक ने फुसफुसाहट के साथ बोला कि पप्पू भाई कहा था कि डीएम बहुत सख्त हैं। फिर भी नहीं माने, देखा सब ढह गया। तेज आवाज सुन आसपास खड़े लोगों में चर्चा शुरू हो गई, जो देर तक चली।


सैलानियों को भा रही खैराबाद

अमृत विचार में प्रकाशित खबर।



प्रशासनिक टीम द्वारा ढहाया गया निर्माण। अमृत विचार

## गौरी सिटी पर चला बुलडोजर, प्लाटिंग की गयी ध्वस्त

**सीतापुर, अमृत विचारः** अवैध प्लाटिंगों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए खगसियामऊ स्थित 'गौरी सिटी' पर कार्रवाई की है। डीएम के निर्देश पर सिटी मजिस्ट्रेट मीनाक्षी पाण्डेय व नायब तहसीलदार महेंद्र तिवारी की मौजूदगी में मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माण और प्लाटिंग को जमींदोज कराया गया। बताते हैं कि जांच में सामने आया था कि भाजपा नेता राजकुमार अग्रवाल उर्फ राजू के पुत्रों द्वारा कराई जा रही इस प्लाटिंग का लेआउट पास नहीं था, साथ ही कुछ और भी राजस्व संबंधी अनिवार्य प्रक्रियाएं पूरी नहीं की गई थीं।

### न्यूज ब्रीफ

**मारपीट का आरोप केस दर्ज**

**खीरों।** थाना क्षेत्र के रफीक नगर कस्बा खीरों निवासी निशा पत्नी सलमान ने पुलिस को बताया कि पड़ोसी नजर मोहम्मद पुत्र फकीर मोहम्मद ने रमजान पुत्र इस्लामू के कहने पर गुरुवार को उसके पति सलमान पर बेटी को गायब करने का आरोप लगाया और गाली देते हुए लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया। ग्रामीणों ने बीच बचाव किया तो जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार सिंह ने बताया कि घायल युवक की पत्नी के शिकायती पत्र के आधार पर दो नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर घायल पीड़ित का चिकित्सीय परीक्षण सीएचसी खीरों में कराया गया है। विधिक कार्रवाई की जा रही है।

**दुकान में लाखों का सामान व नकदी चोरी**

**जगतपुर :** जगतपुर थाना क्षेत्र के पूरे बल्लू मजरे कुसमी गांव निवासी कीर्ति देवी पत्नी अमरेश तिवारी ने पुलिस को तहरीर दी है। उसका कहना है कि शनिवार की शाम सहज जन सेवा केंद्र व परचून की दुकान बंद कर घर चली गई थीं। रविवार सुबह दुकान खोलने पहुंचीं तो शटर का ताला टूटा था और अंदर रखा सामान अस्त-व्यस्त था। पीड़िता के अनुसार दुकान से चोरों ने भारी मात्रा में लाखों का सामान व 30 हजार रुपये नकद पार कर दिया। थाना प्रभारी पंकज त्यागी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

**चार में सिर्फ एक शिकायत निस्तारित**

**जगतपुर :** शनिवार को थाना परिसर में थाना प्रभारी की अध्यक्षता में थाना दिवस का आयोजन किया गया। इसमें कुल चार शिकायतें दर्ज की गईं। जिनमें से एक का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। जबकि अन्य शिकायतों के समाधान के लिए पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम गठित की गई। थाना प्रभारी ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। हालांकि थाना दिवस में तहसील की ओर से कोई अधिकारी उपस्थित नहीं था। इस दौरान पुलिसकर्मी व क्षेत्रीय लेखपाल मौजूद रहे।

**प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को बांटे उपहार**

**लालगंज :** एसजेएस पब्लिक स्कूल लालगंज में होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रबंधक अग्रज सिंह और प्रधानाचार्य श्रीमती अंजू सिंह ने कहा कि सनातन संस्कृति में हिंदू धर्मावलंबियों के लिए होली एक प्रमुख हिंदू त्योहार है। इस अवसर पर स्कूल के जनसंपर्क अधिकारी संदीप श्रीवास्तव, सुशील शुक्ला, शेर बहादुर सिंह, अतुल त्रिपाठी, देवेश अग्निहोत्री आदि लोग मौजूद रहे। वहीं उषा एजुकेशनल सोसायटी की ओर से कंपोजिट विद्यालय धन्नीपुर के बच्चों को होली की शर्ट व रंग वितरित किया गया। सोसाइटी के प्रबंध निदेशक योगेंद्र त्रिवेदी ने कहा कि यह रंगों का त्योहार खुशियों का संसार होता है। प्रधानाध्यापिका मिथिलेश कुमारी द्वारा बच्चों को एकजुटता व भाईचारे का संदेश दिया गया। इस मौके पर आशीष सिंह, अनूप सिंह, विवेक कुमार, अंकिता, पूनम सिंह, पुष्पांजलि पांडे आदि रहे।

**बाइक की टक्कर से दो लोग घायल**

**शिवगढ़ :** बाइक की टक्कर से युवक और किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों को सीएचसी शिवगढ़ पहुंचाया गया। थाना क्षेत्र के पूरे पान कंवर खेड़ा मजरे तरौंजा गांव के रहने वाले रमेश कुमार पुत्र विपत्ति पड़ोस के रहने वाले 13 वर्षीय संगम पुत्र राजेश कुमार को बाइक पर बिठाकर शनिवार की शाम थाना क्षेत्र के गोलू का पुरवा गांव से वापस घर के लिए लौट रहे थे। तभी रास्ते में शिवगढ़-महराजगंज सम्पर्क मार्ग पर अज्ञात बाइक सवार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों गिरकर घायल हो गए।

# डीएम व एसपी ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर और पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने जिला कारागार रायबरेली का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और कैदियों की समस्याओं को सुना।

सभी बैरकों का निरीक्षण करते हुए उन्होंने कारागार के पाकशाला में बन्दियों को दिये जाने वाले भोजन की गुणवत्ता, साफ सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था आदि का भी अवलोकन किया गया। उन्होंने कहा कि व्यवस्थाओं को नियमानुसार दुरूस्त रखने के साथ ही बंदी गृह में रह रहे मरीजों के चिकित्सा व्यवस्था का भी ध्यान रखा जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी व्यवस्थाओं को जेल मैनुअल के अनुरूप ही सुनिश्चित कराया जाए।

# जर्जर सड़क से परेशान ग्रामीणों ने रोड नहीं तो वोट नहीं के लगाए बैनर

डलमऊ (रायबरेली)

- **सड़क न बनने से ग्रामीण में प्रशासन नेताओं व प्रधान से चल रहे नाराज**


रन्नो देवी।


रिंकी।


कलावती।

**अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के चक मलिक भीटी गांव में वर्षों से सड़क खराब होने से ग्रामीणों ने जगह-जगह रोड नहीं तो वोट नहीं के बैनर लगाकर अपना आक्रोश जताया है। सड़क न बनने से ग्रामीणों में क्षेत्रीय प्रशासन, राजनीतिक नेताओं और ग्राम प्रधान के विरुद्ध खासी नाराजगी है।

डलमऊ तहसील क्षेत्र के गंगा कटरी क्षेत्र के चक मलिक भीटी गांव के ग्रामीण रामावती, बाल्हेश्वर, राज वर्मा, रिंकी, कलावती, रन्नों देवी, विक्रम बहादुर, अनुराग पासवान, विमलेश, जगदेव आदि का कहना है कि चक मलिक भीटी-कनहा मार्ग में पूरे डगरी से चक मलिक भीटी गांव तक करीब 500 मीटर सड़क बीते लगभग 25 वर्षों से बदहाल और जर्जर स्थिति में पड़ी हुई है। इससे आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है। बीमार होने की दशा में गांव तक एंबुलेंस नहीं पहुंच पाती। प्रसव पीड़ा से कराहती महिलाओं और मरीजों को अस्पताल ले जाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ती है। बरसात में इस सड़क का और भी बुरा हाल हो जाता है। पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है।



आक्रोशित ग्रामीणों ने रोड नहीं तो वोट नहीं के लगाए बैनर। अमृत विचार

ग्रामीणों ने बताया कि सड़क नहीं बनी तो आगामी चुनाव में मतदान का बहिष्कार किया जाएगा। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द सड़क निर्माण की मांग की है। इस संबंध में उप जिलाधिकारी डलमऊ सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि अभी किसी प्रकार के कोई चुनाव की घोषणा नहीं हुई है और ग्राम प्रधानी चुनाव की राजनीति के चलते ग्रामीण द्वारा इस प्रकार के होल्डिंग और बैनर लगवाए गए हैं।

# जिला पंचायत की बैठक में 6230 लाख रुपये के कार्यों का रखा गया प्रस्ताव

**बैठक में राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह के संरक्षण में विकास कार्यों पर की गई चर्चा**



बैठक में मौजूद राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह, अध्यक्ष रंजना चौधरी व अन्य।

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** जिला पंचायत सभागार में जिला पंचायत की बैठक हुई। राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह के संरक्षण में विकास कार्यों पर चर्चा हुई। इसके बाद 6230 लाख का बजट विकास पर खर्च करने का प्रस्ताव रखा गया। इस पर सभी ने सहमति जताई। सदन द्वारा सर्वसम्मति से गत बैठक की पुष्टि के साथ-साथ विभिन्न अनुदानों की गत वर्षों की अवशेष धनराशि के सापेक्ष अनुपूरक कार्ययोजना बनाये जाने पर सदन द्वारा ध्वनिमिति से प्रस्ताव स्वीकृति प्रदान की गयी।

जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना चौधरी की अध्यक्षता और राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह के संरक्षण में बैठक शुरू हुई। अपर मुख्य अधिकारी ओपी सिंह द्वारा बैठक का संचालन किया गया। इसके अतिरिक्त जिला पंचायत के वित्तीय वर्ष 2025-26 के पुनरीक्षित बजट रू0 9935.07 लाख आय का व रुपया 9935.07 व्यय का तथा वित्तीय वर्ष 2026-27 मूल बजट में रुपया 6240 लाख आय का और अनुदान एवं जिलानिधि सहित कुल रुपया 6230 लाख व्यय का बजट सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया। इसके बाद अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत के देयों की वसूली करने के उद्देश्य से सम्पत्ति एवं विभव कर की वित्तीय वर्ष 2024-25 की कर दाता सूची जर्जर दुकानों के पुनर्निर्माण एवं विस्तारीकरण और दुकान, ईट भट्ठा सहित अन्य उपविधियों की भी स्वीकृति प्रदान की गयी। सदन द्वारा विभिन्न विभागों से आये हुए अधिकारियों के साथ जिला पंचायत सदस्यों के क्षेत्र से सम्बन्धित समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गयी। राज्यमंत्री ने सभी से जिला पंचायत एवं अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले विकास कार्यों पर विस्तृत चर्चा किया।

**तालाब की भूमि पर बनी सीसी रोड ध्वस्त कराएगा प्रशासन**


तालाब की भूमि बनी सीसी रोड।

**महराजगंज (रायबरेली) अमृत विचार।** अटरा गांव में तालाब की भूमि पर बिना अनुमति लगी इंटरलॉकिंग हटाई जाएगी। एसडीएम ने इसके लिए पांच सदस्यीय टीम गठित की है। वैसे ग्राम सभा की भूमि पर अतिक्रमण के मामले नहीं थम रहे हैं। मृतक अतिक्रमणकारियों के खिलाफ तहसीलदार कोर्ट में केश दर्ज कराने वाला लेखपाल चर्चा में बना हुआ है। डीएम से लेकर कमिश्नर तक से शिकायत के बाद अब तक लेखपाल पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। इधर प्रदीप बाजपेई ने तालाब की भूमि पर ग्राम प्रधान सुख नन्दन गौतम पर तालाब की भूमि पर बिना वित्तीय स्वीकृति के इंटरलॉकिंग रोड बनाने का आरोप लगाया है। एसडीएम गौतम सिंह ने जांच कराई तो मामला सही पाया गया। शुक्रवार को एसडीएम ने तालाब की भूमि पर लगे इंटरलॉकिंग को हटाने के निर्देश दिए। यही नहीं नायब तहसीलदार के नेतृत्व में राजस्व निरीक्षक व लेखपालों की पांच सदस्यीय टीम गठित कर यथाशीघ्र अतिक्रमण कराने के निर्देश दिए। एसडीएम ने बताया कि बीडीओ और तहसीलदार से जांच कराई गई। करीब 100 मीटर इंटरलॉकिंग का निर्माण तालाब की भूमि पर पाया गया। बीडीओ की रिपोर्ट से स्पष्ट है कि ग्राम प्रधान द्वारा बिना प्रस्ताव व कार्य योजना, बिना आईडी निर्गत कराए अटरा ग्राम पंचायत में इंटरलॉकिंग निर्माण कराया गया। उक्त निर्माण पर कोई सरकारी भुगतान नहीं हुआ है। नायब तहसीलदार के नेतृत्व ने वाली 5 सदस्यीय टीम व थाना बछरावा की पुलिस को अतिक्रम हटवाने के निर्देश दिए गए हैं।

**धर्म का मार्ग अपनाने से दूर होते हैं कष्ट**

**महराजगंज (रायबरेली) अमृत विचार।** विकासखंड क्षेत्र के ग्राम कुशलगंज मजरे अलीपुर में तीन दिवसीय श्री रामचरितमानस सम्मेलन वक्ताओं ने धर्म के मार्ग को अपनाने पर पर बल दिया। कहा कि इससे सारे कष्ट दूर हो जाते हैं। वक्ता हरिनारायन तिवारी अवधी सम्राट ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की चर्चा करते हुए जीवन की मुक्ति के लिए एकमात्र सूत्र बताया कि हम सांसारिक कार्यों में लगे रहकर भी भगवद नाम के उच्चारण का अभ्यास इस प्रकार करें कि वह हमारे जीवन का अभिन्न मंत्र बन जाए और यही मंत्र भवसागर से मुक्ति दिलाने में हमारी सहायता करेगा।

भोलेनाथ पशुपतिनाथ की धरती से पधारे नेपाली बाबा ने शिव विवाह के क्रम में बारातियों के आवभगत का वर्णन जिस मनोमुग्धकारी अंदाज में किया, श्रोता तालियां बजाने के लिए विवश हुए। दमोह मध्य प्रदेश की पावन धरती से पधारे सूरदास पवन जी (मनु महाराज) के द्वारा शिव विवाह के अग्रिम सोपानों का सुंदर वर्णन करते हुए श्रोताओं को कथा श्रवण हेतु बाध्य किया। इस तरह बांदा के यज्ञेश मिश्र ने माता कौशल्या के पावन चरित्र की बड़ी ही सुंदर व्याख्या प्रस्तुत की। उपजिलाधिकारी गौतम सिंह, क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार, विद्यासागर अवस्थी, सीताकांत अवस्थी, नंदकिशोर तिवारी, रामलोचन पांडेय, दद्दू सिंह, डॉ अशोक कुमार मिश्रा, रविराज सिंह, रिंकू चौधरी, शत्रोहन सोनी, उमाकान्त पाण्डेय रहे।

# पहले दोस्तों ने पिलाई शराब लोहे की राड मारकर की हत्या



किरन हाल के हत्याकांड का खुलासा करते एसपी रवि कुमार साथ में अन्य अधिकारी।

संवाददाता, रायबरेली

- **कोतवाली पुलिस ने ब्लाइंड मर्डर का किया खुलासा, हत्यारोपी दो लोगों को दबोचा**

**अमृत विचार।** प्रेमिका के बारे में परिजनों को बताने से नाराज दोस्तों ने मिलकर अपने दिव्यांग (दृष्टिहीन) साथी की हत्या कर दी। इतना ही नहीं हत्या से पहले दोस्त को बकायदा शराब भी पिलाई। इसके बाद लोहे की राड से हमला कर हत्या करके फरार हो गए। कोतवाली पुलिस ने ब्लाइंड मर्डर का खुलासा करते हुए दोनों दोस्तों को दबोच लिया। साथ ही हत्या में प्रयुक्त हथियार को बरामद कर लिया।

मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के गल्ला मंडी का है, जहां अजय कुमार सरोज 21 फरवरी को घर से खाना खाकर अपने दोस्तों के मिलने की बात करके चला गया था। लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटा तो परिजनों ने शहर कोतवाली में गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सर्विलांस टीम व सीसीटीवी फुटेज की मदद से गायब हुए युवक की तलाश शुरू की। इसके बाद पुलिस को उसके दो मित्रों अंकुश यादव और अजीत यादव पर संदेश हुआ। उन्हें पकड़कर कड़ाई से पूछताछ किया तो दोनों ने हत्या की बात को स्वीकार किया।

पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने खुलासा करते हुए बताया कि मृतक अजय की हत्या उसके गौरव और अंकुश ने किया था। तीनों गहरे मित्र थे। गौरव की महिला मित्र के बारे में अजय ने उसके घर में बता दिया था। इसके बाद घर पर विवाद होने लगा। तभी से अजय को ठिकाने लगाने की योजना बनाई। आरोपियों ने हमेशा अजय को बहाने से अपने पास बुलाकर भदोखर थाना क्षेत्र के कुचरिया गांव ले गया। इसके बाद तीनों ने जमकर शराब पार्टी की। वहीं पर दोनों आरोपियों ने लोहे की राड से हमला कर अजय की हत्या कर दिया और शव को छोड़ कर फरार हो गए। मामले के बारे में एसपी ने बताया कि हत्यारोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। इस मौके पर एएसपी संजीव कुमार सिन्हा, सीओ सिटी अरुण कुमार नौहवार, कोतवाल शिवशंकर सिंह मौजूद रहे।

**सीएससी बाल विद्यालय के बच्चों ने मनाया होली का पर्व**

**सतांव (रायबरेली) अमृत विचार।** गुरुबक्शगंज स्थित सीएससी बाल विद्यालय (जेपीएस किड्स प्ले पब्लिक स्कूल) में शनिवार को नन्हे बच्चों द्वारा रंगो का त्योहार बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

- **संरक्षक व प्रबन्धक ने बच्चों को लगाया रंग व गुलाल**

विद्यालय के संरक्षक अशोक शुक्ला, प्रबन्धक मोहित शुक्ला, डायरेक्टर रोहित शुक्ला द्वारा सभी नन्हे बच्चों को गुलाल लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। डायरेक्टर रोहित शुक्ला ने बताया कि होली एकता और खुशियों का पर्व है तथा बच्चों को होली की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में विद्यालय की शिक्षिकाओ द्वारा रंगो से व फूलों से विभिन्न प्रकार की रंगोली बनाई गई। होली का पर्व मनाए जाने के दौरान पर प्रधानाचार्या छवि बाजपेई, अमिता, श्रेयांशी, आस्था, आकृति, हर्षिता, सिमरन, दामिनी, रंजना, पायल, रेहा व सभी बच्चे आदि लोग उपस्थित रहे।

# धंवारी-फगुआ गीतों से गूंजा भैंसेश्वर धाम


फाग गायन करते लोग। अमृत विचार


होली का पर्व मनाते बच्चे। अमृत विचार

शिवगढ़ (रायबरेली)

**अमृत विचार।** शिवगढ़ क्षेत्र के कोटवा स्थित प्रसिद्ध भैंसेश्वर महादेव में शुक्रवार की रात धंवारी एवं फाग गीतों का आयोजन किया गया। ग्राम प्रधान ललिता यादव के नेतृत्व में आयोजित इस सांस्कृतिक संध्या में धंवारी मण्डली एवं ग्रामीणों ने एक से बढ़कर एक धंवारी व फगुआ गीत गाकर माहौल को भक्तिरस और उत्साह से सराबोर कर दिया।

प्रधान पति अनिल कुमार यादव, ओम नारायण मिश्रा और हरीराम रावत ने बताया कि बसंत पंचमी से ही गांव में फगुआ गीतों की मधुर गूंज शुरू हो जाती है।

**पर्व में उत्साह**

- **बसंत पंचमी से ही गांव में शुरू हो जाती फगुआ गीतों की मधुर गूंज**

यहां धंवारी और फाग गायन की परम्परा सैकड़ों वर्षों से चली आ रही है, जो होली के आगमन का संदेश देती है। हर वर्ष होली के पावन अवसर पर ग्राम देवी शीतला माता मन्दिर और भैंसेश्वर महादेव धाम में यह आयोजन होता है। इन लोकगीतों में राधा-कृष्ण की छेड़छाड़, प्रकृति का उल्लास और प्रेम-सौहार्द का भाव झलकता है। इस मौके पर अजय सिंह, बाबूलाल गौतम, महेश गौतम, विजय सिंह, गुड्डू सिंह, रामू ,रामकुमार लोधी, अर्जुन शर्मा, भाईलाल, राम अवतार, नन्हू लोधी, गंगाराम, शेर बहादुर, रामकुमार आदि लोग मौजूद रहे।

**सरस्वती शिशु मंदिर में मनाया गया होली उत्सव, लालगंज:** सरस्वती शिशु मंदिर लालगंज में होली उत्सव मनाया गया। जिसमें बच्चों व शिक्षकों ने एक दूसरे को अंबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। होली पर आयोजित गोष्ठी में भारतीय जनता पार्टी के प्रांतीय परिषद सदस्य सुशील शुक्ला ने बच्चों को बताया कि होली एक प्रमुख हिंदू त्योहार है। होली के दिन, लोग रंगों से खेलते हैं, एक-दूसरे के साथ प्रेम और एकता का प्रतीक बनते हैं। प्रबंधक कैलाश वाजपेई ने कहा कि होली का उद्देश्य है लोगों को एकजुट करना और प्रेम, एकता, और भाईचारे का संदेश देना है। इसके अलावां व्यापार मंडल के अध्यक्ष विवेक शर्मा, कोषाध्यक्ष कौशलेंद्र कंचन, राघवेंद्र सूर्यवंशी, मयंक सिंह, वरिष्ठ आचार्य राम नारायण सिंह, रमेश मिश्रा, रामशरण अग्निहोत्री, रमेश बाजपेई आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य सुरेश कुमार पाठक ने किया।

**विद्यालय और सीएचसी में उड़ा अंबीर गुलाल**

**शिवगढ़ (रायबरेली) अमृत विचार।** कम्पोजिट विद्यालय शिवगढ़ तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ में शनिवार को छात्र-छात्राओं, शिक्षकों व स्वास्थ्य कर्मियों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर आपसी भाईचारे एवं एकता का संदेश दिया। इस मौके पर बीईओ अनिल कुमार मिश्रा, प्रधानाध्यापक राजेंद्र कुमार बाजपेई, शिखा बाजपेई, धर्मेंद्र अवस्थी, नीलम, रीता झा, मोहिनी त्रिपाठी, पंकज कुमार वर्मा, कल्पना सोलंकी, कमर जहां, संगीता, इमरान आदि लोग मौजूद रहे। सीएचसी अधीक्षक डॉ. प्रेमशरन ने कहा कि होली रंगों के माध्यम से दिलों को जोड़ने का पर्व है। इस मौके पर स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी जयराम यादव व रश्मि रावत आदि मौजूद रहे।

**ब्लॉक संसाधन केंद्र में संगोष्ठी आयोजित**

**सतांव (रायबरेली) अमृत विचार।** मलिकमऊ चौबारा स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र में शनिवार को ब्लॉक स्तरीय शिक्षक, प्रधान और प्रधानाध्यापक संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कृष्ण जीवन तिवारी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। बीईओ शीतल श्रीवास्तव ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। बीईओ ने ग्राम प्रधानों और एसएमसी अध्यक्षों से सरकारी विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने और अधिक से अधिक नामांकन कराने का आह्वान किया। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने सरकार की महत्वाकांक्षी डीबीटी योजना 'ऑपरेशन कायाकल्प' और 'सब पढ़ें, सब बढ़ें' जैसे महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में चर्चा की। संचालन एआरपी वर्षा ने किया। इस अवसर पर ब्लाक के समस्त शिक्षक प्रधान विनोद त्रिवेदी सहित कई अन्य ग्राम सभाओं के प्रधान व अन्य लोग उपस्थित रहे।


संगोष्ठी में मौजूद अधिकारी व अन्य।

**सतर्कता जारी** | **महराजगंज क्षेत्र में क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार के नेतृत्व में भारी पुलिस बल ने वाहनों की ली तलाशी**

# होली और रमजान पर पुलिस ने किया पैदल मार्च

महराजगंज (रायबरेली)

**अमृत विचार।** सलोन, अमृत विचार। होली और रमजान को लेकर पुलिस सतर्क हो गई है। शनिवार को महराजगंज क्षेत्र में क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार के नेतृत्व में भारी पुलिस बल के साथ कस्बे के मुख्य चौराहों घासमंडी चौराहा, रंधावा रोड, सुपर मार्केट, कस्बे की प्रमुख जगहों तक पैदल मार्च किया। साथ ही संदिग्ध वाहनों की तलाशी भी ली।

क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि आगामी त्यौहारों को लेकर यह अभियान लगातार जारी रहेगा। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र भदौरिया, एसएसआई दिनेश गोस्वामी, राजवीर सिंह, रोहित, नेहा राठौर आदि मौजूद रहे।

उधर, सलोन में उपजिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश गौतम, क्षेत्राधिकारी यदुवेंद्र पाल ने पुलिस बल के साथ तहसील क्षेत्र के कस्बा सहित संवेदनशील इलाकों में पैदल रूट मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। रूट मार्च के दौरान अधिकारियों ने सलोन कस्बा, नसीराबाद, डीह, परशदेपुर, धरई, पकसरावां व ख्वाजापुर समेत अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय नागरिकों व व्यापारियों से सीधे संवाद कर शांति व सौहार्द बनाए रखने की अपील की। तहसीलदार दीपिका सिंह, नायब तहसीलदार सुजीत सिंह, कोतवाली प्रभारी पुष्पेंद्र त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

**होलिका दहन स्थल पर कब्जे से ग्रामीणों में आक्रोश, सूचना पर पहुंचा प्रशासन**

**डलमऊ (रायबरेली) अमृत विचार।** डलमऊ तहसील क्षेत्र के अमरहा गांव में होली जलाने के स्थान पर अन्य ग्राम पंचायत के किसी व्यक्ति का पट्टा कर दिया गया। ग्रामीण गंगा सागर मौर्य, रामनरेश सिंह, जितेंद्र कुमार, संतोष कुमार, रोशन लाल, सत्यनारायण, दिनेश, नीरज, अशोक, चंद्रमा, रतीपाल, सहित दर्जनों ग्रामीणों का कहना है कि तहसील प्रशासन की लापरवाही से ग्राम समाज की जमीन को अन्य ग्राम पंचायत के निवासी को पट्टा कर दिया गया जिस पर उसने कब्जा कर लिया। उनका कहना है कि अब पट्टाधारक द्वारा उस स्थान पर होली जलाने का विरोध किया जा रहा है। शुक्रवार की शाम को ग्रामीणों में आक्रोश पनपने की सूचना पाकर तहसील प्रशासन पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचा और ग्रामीणों को समझने का प्रयास किया। ग्रामीणों के शिकायत पर क्षेत्रीय विधायक ने उन्हें कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

**युवक ने शारदा नहर में लगाई छलांग**

**अमावां (रायबरेली)।** मिल एरिया थाना क्षेत्र में शनिवार की सुबह रायबरेली-महराजगंज रोड पर शारदा नहर पुल के पास एक युवक ने नहर में छलांग लगा दिया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने नहर में डूबे युवक की तलाश शुरू कराई लेकिन सफलता नहीं मिली। एसडीआरएफ की टीम के प्रयास के बावजूद कुछ पता नहीं चल सका है। इस संबंध में इंस्पेक्टर विंध्य विनय रावत ने बताया दो दिन पहले मीरगंज के पास नहर में डूबे गिरजा शंकर का अब तक पता नहीं चला है। तलाश जारी है। घटना के संदर्भ में अब तक कोई तहरीर नहीं मिली है ना ही कोई पुष्ट सूचना प्राप्त हुई है।

**उज्ज्वला योजना का जरूरतमंदों को मिल रहा लाभ**



उज्जवला योजना के तहत प्रतीकात्मक चेक के साथ लाभार्थी व अन्य।

**संवाददाता, रायबरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लोकभवन सभागार, लखनऊ में 1500 करोड़ की धनराशि से उत्तर प्रदेश के 1.86 करोड उज्ज्वला परिवारों को रसोई गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी का वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, जिसका सजीव प्रसारण जनपद के रायबरेली क्लब, सिविल लाइन में किया गया। इस कार्यक्रम में उज्ज्वला योजना के लगभग 500 लाभार्थी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में विधायक सदर अदिति सिंह, विधायक सलोन अशोक कुमार, मुख्य विकास अधिकारी अंजू लता, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, जिला पूर्ति अधिकारी उबेदुर्रहमान, उप जिलाधिकारी अहमद फरीद खान की उपस्थिति में 10 लाभार्थियों को सब्सिडी के रूप में प्रतीकात्मक चेक वितरित किया गया। अतिथियों ने कहा कि उज्जवला योजना का लाभ गरीब परिवारों और जरूरतमंदों को मिल रहा है। गांव की महिलाओं को धुआं से छुटकारा मिल गया।

## न्यूज ब्रीफ

### हादसे में बाइक सवार की हालत गंभीर

**जामो (अमेठी) :** शनिवार को शाम लगभग 7 जनता बेकरी के सामने महेंद्र मोर्या पुत्र स्वर्गीय राम जोर मौर्य ग्राम पूरे बनबसा गौरीपुर थाना गौरीगंज का जामो मे भयंकर एक्सीडेंट हो गया। हादसे में उसे अंदरुनी गंभीर चोटे आई है। हुआ यह की सड़क पर खड़ी एक कार ने बिना आगे पीछे देखें गेट खोल दिया, जिससे बाइक सवार महेंद्र उससे टकराया ठीक पीछे से आ रही कार बाइक सवार के ऊपर चढ़ गई। स्थानीय लोगों ने कार के बोनट को उठाकर घायल महेंद्र को निकाला। घटना स्थल पर पुलिस भी पहुंच गई थी, पुलिस वालों ने उठाकर उसको ऑटो से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया।

### उज्ज्वला लाभार्थियों में हुआ चेक वितरण

**अमेठी :** शनिवार को होली के शुभ अवसर पर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत पात्र परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 1500 करोड़ रुपये की धनराशि 1.86 करोड़ पात्र परिवारों के खातों में हस्तांतरित की। इसका सजीव प्रसारण रणंजय मैदान, गौरीगंज, अमेठी में किया गया, जहां बड़ी संख्या में लाभार्थी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री के संबोधन के उपरांत आयोजित स्थानीय कार्यक्रम में 20 उज्ज्वला लाभार्थियों को गैस रिफिल सब्सिडी के प्रतीकात्मक चेक वितरित किए गए। जिलाधिकारी संजय चौहान ने कहा कि योजना ने महिलाओं के जीवन में बड़ा परिवर्तन लाया है। वहीं जिलाध्यक्ष भाजपा सुधांशु शुक्ला ने कहा कि सरकार की नीतियां और नीयत जनहित में हैं तथा योजनाएं प्रभावी ढंग से लागू की जा रही हैं। जिला पूर्ति अधिकारी शशिकांत ने बताया कि जनपद में 1,70,157 लाभार्थी योजना से आच्छादित हैं।

### अयोध्या तक नई बस सेवा शुरू

**अमेठी :** अमेठी से नवहा, शाहबरी होते हुए अयोध्या और गोण्डा तक बस चलाने की तैयारी पूरी कर ली गई है। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक ने इस सम्बन्ध में आदेश जारी कर दिया है। बताया गया कि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य के0के0 सिंह के अनुरोध पर मार्ग का सर्वे कराया गया था। सर्वे के बाद अमेठी से शाहबरी तक स्टापेज तय कर दिए गए हैं। निर्धारित स्टापेज में अमेठी से कोरारी 5 किमी कोरारी से गडेरी 3 किमी, गडेरी से नवहा 3 किमी तथा नवहा से शाहबरी 4 किमी शामिल हैं।

# विकास के लिए तेजी से कार्य कर रही सरकार

## ▶ राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने रमई गांव में 26 विकास कार्यों का किया लोकार्पण

संवाददाता, तिलोई (अमेठी)



समारोह में फीता काटकर कार्यों का उद्घाटन करते राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह।



भूमि पूजन करते विधायक सुरेश पासी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विकास खण्ड तिलोई क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत रमई स्थित बाबा गम्भीरदास मिनी स्टेडियम के लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने 26 विकास कार्यों का फीता काट कर उद्घाटन किया। साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में अमेठी-सुल्तानपुर के एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह एवं तिलोई ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह (मुन्ना सिंह) शामिल रहे। कार्यक्रम में संबोधन के दौरान मुख्य अतिथि ने कहा कि विकास करने को लेकर सरकार तेजी से कार्य कर रही है।

आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम में कराए गए ग्राम पंचायत में 26 विकास कार्यों नाली, खड़ंजा, इंटरलॉकिंग, पंचायत भवन, पानी टंकी, सामुदायिक शौचालय जैसे विभिन्न कार्यों शामिल हैं। जानकारी के अनुसार बीते सप्ताह रमई ग्राम पंचायत के प्रधान प्रतिनिधि वीर बहादुर सिंह (बबलू सिंह) द्वारा प्रभु श्रीराम अयोध्या धाम तक पदयात्रा कर प्रभु श्रीराम एवं हनुमान जी महाराज के दर्शनोपरांत दिन शनिवार को बाबा गंभीरदास मिनी स्टेडियम में लोकार्पण के बाद विशाल भण्डारा आयोजित किया गया। प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री व अमेठी सुल्तानपुर के एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह व तिलोई ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कृष्ण कुमार उर्फ मुन्ना सिंह आयोजित भंडारा में प्रसाद ग्रहण किया। प्रधान प्रतिनिधि बबलू सिंह ने आए सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर स्वागत किया। इस मौके पर ग्राम पंचायत सचिव मोहनलाल मौर्य, प्रधान संघ अध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी, प्रधान अरुण सिंह, देव नारायन, मोहम्मद अशरफ, एवं संतोष, मोहम्मद आशु, राजेश सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

**सरकार-टाटा की साझेदारी से युवाओं को मिलेगा हाईटेक प्रशिक्षण, कमरौली (अमेठी) :** तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास को नई दिशा देते हुए राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) जगदीशपुर को टाटा टेक्नोलॉजी लिमिटेड का तकनीकी सहयोग मिला है। इसी कड़ी में 4 करोड़ 19 लाख रुपये की लागत से बनने वाली तीन मंजिला आधुनिक कार्यशाला भवन का शिलान्यास विधायक सुरेश पासी ने विधिवत किया। सरकार-टाटा साझेदारी के तहत लगभग 230 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में बनने वाली यह इमारत अत्याधुनिक मशीनों और तकनीकी संसाधनों से सुसज्जित होगी। सहायक अभियंता प्रशांत सिंह ने बताया कि निर्माण कार्य को गुणवत्ता मानकों के अनुरूप आठ माह के भीतर पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। भवन में आधुनिक प्रशिक्षण कक्ष, मशीन लैब और सुरक्षा मानकों से युक्त संरचना विकसित की जाएगी। वहीं जूनियर इंजीनियर नागेश सिंह भी परियोजना के क्रियान्वयन में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। प्रधानाचार्य अजय कुमार सिंह ने कहा कि टाटा टेक्नोलॉजी के सहयोग से आईटीआई के छात्रों को उद्योगों की मांग के अनुरूप प्रशिक्षण मिलेगा। इससे प्रशिक्षण ले रहे छात्र-छात्राओं की दक्षता बढ़ेगी और उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मो. नासिर, पूर्व प्रधान एसबी सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष शुक्ला सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। शिक्षकगण और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की भागीदारी से कार्यक्रम में उत्साह का माहौल रहा।

# तेज रफ्तार बोलेरो की टक्कर से युवती की मौत

संग्रामपुर (अमेठी)

- अमेठी-किठावर मार्ग पर हुआ हादसा, भाई बाल-बाल बचा



गुड़िया की फाइल फोटो।

**अमृत विचार।** थाना संग्रामपुर क्षेत्र में शुक्रवार की शाम हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक 18 वर्षीय युवती की मौत हो गई, जबकि उसका 10 वर्षीय भाई बाल-बाल बच गया। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार, कंसापुर गांव निवासी पशुपालक किसान शारदा चौरसिया की 18 वर्षीय पुत्री गुड़िया अपने 10 वर्षीय भाई प्रांजल के साथ साइकिल से अमेठी-किठावर मार्ग स्थित कंसापुर चौराहा (मेला का बगिया) स्थित दुग्ध क्रय केंद्र पर गाय का दूध बेचने गई थी। शाम करीब साढ़े छह से सात बजे के बीच दोनों भाई-बहन दूध बेचकर घर लौट रहे थे। बताया जाता है कि जैसे ही गुड़िया साइकिल के साथ सड़क पार करने लगी, तभी तेज रफ्तार से आ रही एक अज्ञात बोलेरो ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि गुड़िया के सिर में गंभीर चोट लग गई और वह सड़क पर गिर पड़ी। हादसे के बाद बोलेरो चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही एंबुलेंस की सहायता से घायल गुड़िया को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने गुड़िया को मृत घोषित कर दिया।हादसे में उसके छोटे भाई प्रांजल को हल्की चोटें आईं, जिसका उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर में कराया जा रहा है। वहीं थाना संग्रामपुर प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि अमेठी-किठावर मार्ग पर मेला का बगिया के पास सड़क दुर्घटना की सूचना मिली थी। घायल को तत्काल उपचार के लिए रेफर कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है और मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# अवैध खनन में जेसीबी सहित 2 टैक्टर-ट्रॉली सीज

जायस (अमेठी)

**कार्रवाई**

- अवैध खनन की सूचना मिलने पर हरकत में आई पुलिस



सीज की गई जेसीबी एवं ट्रैक्टर।

**अमृत विचार।** जिले में अवैध खनन के खिलाफ पुलिस ने सख्त कदम उठाते हुए थाना जायस क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर एक जेसीबी और दो ट्रैक्टर-ट्रॉली को सीज कर दिया।

बताया जा रहा है कि ग्राम बीबी डोला मजरे मुबारकपुर मुखेतिया के पास चल रहे अवैध खनन की सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत हरकत में आई। मौके पर पहुंच कर टीम ने खनन में लगी एक जेसीबी और दो ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में ले लिया।जब वाहन चालकों से खनन और परिवहन से संबंधित अनुमति पत्र मांगे गए तो वे कोई वैध कागज नहीं दिखा सके। इसके बाद पुलिस ने तीनों वाहनों को सीज कर लिया।

वहीं इस कार्रवाई को लेकर थानाध्यक्ष अमरेन्द्र सिंह मय हमराह पुलिस टीम तथा खनन निरीक्षक दुष्यन्त कुमार विश्वकर्मा की टीम मौजूद रही। पुलिस द्वारा वाहनों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धारा के तहत विधिक कार्रवाई की जा रही है। जिले में अवैध खनन के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहने की बात कही गई है।

# पुलिस के खिलाफ भाकियू का हंगामा

संवाददाता, अमेठी



प्रदर्शन करते भारतीय किसान यूनियन (भानू गुट) के नेता व कार्यकर्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जनपद में पुलिसिया कार्यप्रणाली और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों को लेकर भारतीय किसान यूनियन (भानू) ने आर-पार की जंग का ऐलान कर दिया है। शनिवार को जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र नाथ मिश्रा की अगुवाई में यूनियन के पदाधिकारियों ने अमेठी पुलिस के विरुद्ध मोर्चा खोलते हुए तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन कर पुलिस प्रशासन को एसपी को संबोधित एक 12 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।

यूनियन ने कड़े शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि 9 मार्च तक उनकी मांगों पर प्रभावी कार्यवाही नहीं हुई, तो 10 मार्च 2026 (मंगलवार) को सुबह 11 बजे से पुलिस अधीक्षक कार्यालय, गौरीगंज के सामने भीषण विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन में कहा गया है कि यह प्रदर्शन बड़े हॉर्न और माइक की अधिकतम ध्वनि के साथ तब तक चलेगा, जब तक अमेठी पुलिस के विरुद्ध ठोस कार्यवाही सुनिश्चित नहीं हो जाती। जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र नाथ मिश्रा ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में अवैध कटान, अवैध खनन और नशे का कारोबार चरम पर है। पुलिस कर्मी क्षेत्रीय दलालों के इशारे पर मुकदमों में सत्य को छुपाकर झूठी विवेचना कर रहे हैं। शिकायतों पर गलत रिपोर्ट लगाकर अपराधियों को संरक्षण दिया जा रहा है। ज्ञापन में विशेष रूप से अमेठी कोतवाली के दरोगा दिनेश सिंह, एसएचओ रवि सिंह, सीओ मनोज कुमार मिश्र और एसएचओ गौरीगंज की भूमिका पर सवाल उठाते हुए जांच की मांग की गई है। वर्दी की आड़ में पल रहे गुंडों के खिलाफ साक्ष्यों के आधार पर कार्यवाही होनी चाहिए। हमारी मांग है कि जांच होने तक इन अधिकारियों को कार्यक्षेत्र से हटाया जाए और दो अन्य विभागों के अध्यक्षों की मौजूदगी में 'ऑन कैमरा' जांच कराई जाए। प्रदर्शन में जिला प्रभारी अजय मिश्रा उर्फ विल्सन बाबा सहित दर्जनों किसान नेता मौजूद रहे।

### विधि-विधान से हुई भगवान शिव की प्राण प्रतिष्ठा



शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु।

**शुकुल बाजार (अमेठी) अमृत विचार।** गुड़ाही कटरा में शनिवार को भगवान शिव की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा विधि-विधान व वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुई। धार्मिक अनुष्ठान में क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। अयोध्या से आए आचार्य पं .ओम नाथ के नेतृत्व में रुद्राभिषेक, हवन-पूजन और अन्य वैदिक कर्मकांड कराए गए। यजमान अमर नाथ कसौधन व उनकी पत्नी रिंकी ने पूजा-अर्चना कर क्षेत्र में सुख-शांति की कामना की। प्राण प्रतिष्ठा के बाद भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो शिव पार्वती धर्मशाला, गायत्रीनगर चौराहा, प्राचीन हनुमान मंदिर महाबीरन सहित विभिन्न मार्गों से होते हुए मंदिर परिसर पहुंची। महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर भाग लिया। ढोल-नगाड़ों और भजन-कीर्तन से माहौल भक्तिमय रहा। मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें देर शाम तक श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात रहा।

### बच्चों ने अपने मॉडल का किया प्रदर्शन



विज्ञान प्रदर्शनी में विजेता प्रतिभागी व शिक्षिकाएं।

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** रायन इंटरनेशनल स्कूल में विज्ञान दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्होंने पवन ऊर्जा, सौर ऊर्जा, पृथ्वी की परतें, विद्युत परिपथ, सोलर लाइट कार तथा अनेक नवाचारपूर्ण विषयों पर आकर्षक कार्यशील (वर्किंग) और प्रदर्शनी मॉडल प्रस्तुत किए। मुख्य वक्ता अपूर्वा सोनी और रेहाना खान ने कहा कि छात्रों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों को प्रयोगात्मक गतिविधियों के माध्यम से सीखने का अवसर मिला और उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाया। छात्रों द्वारा प्रदर्शित किए गए मॉडलों के मूल्यांकन के आधार पर उन्हें पुरस्कृत किया गया। थ्री-डी मॉडल श्रेणी में प्रथम स्थान सान्वी, द्वितीय आर्ना और तृतीय स्थान विहान ने प्राप्त किया। इसके बाद कार्यशील मॉडल श्रेणी का प्रदर्शन हुआ। इसमें प्रथम स्थान शिवेंद्र, द्वितीय वर्णिका, आदम्य और तृतीय शाश्वत ने प्राप्त किया। सभी विजेता छात्रों को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्या सदफ खान ने कहा कि उन्हें छात्रों के परिश्रम और वैज्ञानिक सोच पर गर्व है। इस अवसर पर पर अपूर्वा सोनी एवं रेहाना खान सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# फर्जी भुगतान की शिकायत निकली हवा-हवाई

महराजगंज (रायबरेली)

**शिकायतकर्ता नदारद**

- प्रधान के समर्थन में उतरे ग्रामीण बोले-क्षेत्र में कराया जा रहा कार्य



रामकली।



रामेश्वर।



बुधई।



सुरेश मौर्य।

**अमृत विचार।** विकास कार्यों में धांधली और फर्जी भुगतान की शिकायत हवाहवाई निकली। आरोपों की जांच करने जब टीम जमुरांवा ग्राम पंचायत पहुंची तो नजारा उम्मीद से बिल्कुल उलट था। जिस शिकायतकर्ता ने भारी-भरकम भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे, वह टीम के सामने आने की हिम्मत तक नहीं जुटा सका। वहीं, दूसरी ओर ग्रामीणों ने लामबंद होकर प्रधान के कार्यों की सराहना की और आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया।

सिरसोई निवासी शुभम कुमार ने 'सम्पूर्ण समाधान दिवस' में एक शिकायती में आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान अनुराग चौधरी और ग्राम विकास अधिकारी मनोज कुमार यादव ने मिलीभगत कर स्ट्रीट लाइट, रिबोर, सीमेंटेड बेंच और ह्यूम पाइप जैसे कार्यों के नाम पर सरकारी धन का बंदरबांट किया है।

वहीं खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह के निर्देश पर एडीओ पंचायत सीताराम शुक्रवार को टीम के साथ जमुरावां पंचायत भवन पहुंचे। जैसे ही जांच शुरू हुई सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण वहां एकत्र हो गए। ग्रामीणों का गुस्सा शिकायतकर्ता पर फूट पड़ा। लोगों का कहना था कि जो रास्ते दशकों से बदहाल थे, उन्हें वर्तमान प्रधान ने दुरुस्त करवाया है। जांच टीम ने शिकायतकर्ता शुभम कुमार को पक्ष रखने के लिए बुलाया, तो वह मौके पर नहीं पहुंचा। ग्रामीणों के बीच चर्चा रही कि अपनी "झूठी शिकायत" की पोल खुलते देख उसने दूरी बनाना ही बेहतर समझा।

एडीओ पंचायत सीताराम ने बताया कि जांच टीम ने गांव में जाकर भौतिक सत्यापन किया है। प्रथम दृष्टया विकास कार्य मानक के अनुरूप पाए गए हैं। शिकायतकर्ता को बुलाया गया था लेकिन वह उपस्थित नहीं हुआ। विस्तृत रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जा रही है।

**दबाव बनाने का कोशिश, नहीं हुए सफल:** सिरसोई सुरेश मौर्या और रामकली का कहना है कि यह खड़ंजा पहले कभी नहीं लगा था। प्रधान जी ने हमारी आने-जाने की दिक्कत को समझा और इसका निर्माण कराया। मकरंदपुर के रामेश्वर ने कहा कि वर्तमान प्रधान ने जनहित में कई ऐसे काम किए हैं, जिनका सीधा लाभ हमें मिल रहा है। राम गुलाम का पुरवा के बुधई ने कहा कि बदनाम किया जा रहा है।

# बकरी चराते समय नाबालिग से छेड़छाड़, मुकदमा दर्ज

शुकुल बाजार (अमेठी)

**अमृत विचार।** जनपद अमेठी के थाना बाजार शुक्ल क्षेत्र के अंतर्गत एक 11 वर्षीय नबालिग के साथ छेड़छाड़ और बदसलूकी का गंभीर मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की मां की तहरीर पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना बाजार शुक्ल के एक गांव के रहने वाली पीड़ित मां ने थाने पर तहरीर देकर अवगत कराया कि उनकी 11 वर्षीय पुत्री गांव के पास बकरी चरा रही थी। इसी दौरान गांव के ही एक व्यक्ति ने दुर्भावनापूर्ण इरादे से नबालिका का हाथ पकड़ लिया और उसे जबरन झाड़ियों की तरफ घसीटने लगा। बालिका के शोर मचाने पर आरोपी मौके से भाग निकला। परिजनों का आरोप है कि जब वे इस घटना की शिकायत लेकर आरोपी के घर पहुंचे, तो वहां उनके साथ गाली-गलौज की गई और आरोपी पक्ष डंडा लेकर मारने को दौड़ा जिससे आहत होकर पीड़ित की मां ने थाने पर तहरीर देकर गुहार लगाई जिसके बाद सुशांगत धाराओं अभियोग पंजीकृत कर लिया है

वहीं थाना अध्यक्ष विवेक वर्मा ने बताया कि पीड़ित की मां के तहरीर पर आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है अभियुक्त को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### भगवान शनिदेव की प्रतिमा की गई स्थापित



पूजन-अर्चन करते मंदिर के संस्थापक रामेन्द्र बहादुर सिंह व उनकी धर्मपत्नी।

**सरेनी (रायबरेली) अमृत विचार।** सरेनी विकास क्षेत्र के दुधवन गांव में विधि विधानपूर्वक व धूमधाम से भगवान शनिदेव की प्रतिमा की स्थापना की गई। भगवान शनिदेव की प्रतिमा के स्थापना के अवसर पर गांव से लेकर चंदिका माता मंदिर से होते हुए कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें भारी संख्या में लोग शामिल थे। इसके बाद मंदिर परिसर में सभी देवों को भोग लगाया गया। समस्त पूजन अर्चन कार्यक्रम सम्पन्न होने के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों ने पहुंचकर पूड़ी, सब्जी व बूंदी का प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर के संस्थापक रामेन्द्र बहादुर सिंह व उनकी धर्मपत्नी दुर्गेश सिंह ने आज शनिवार के दिन भगवान शनिदेव की प्रतिमा स्थापित कराई। मंदिर के संस्थापक व समाजसेवी रामेन्द्र बहादुर सिंह भगवान शनिदेव की प्रतिमा मंदिर में स्थापित होने से बेहद गदगद व उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि लंबे समय से उनके मन में भगवान शनिदेव का मंदिर बनाने की जिज्ञासा उत्पन्न हुई थी जिसे आज उनके आशीष व प्रताप से पूरा कर सका हूं। उन्होंने बताया कि मूर्ति स्थापना के लिए कई महीनों से इसकी तैयारियां की जा रही थी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक शनिवार को यहां पर भगवान शनिदेव की आरती की जाएगी। इस मौके पर विपिन सिंह, लोकेश सिंह, नरेंद्र सिंह, मुन्नू सिंह, अजय विक्रम सिंह, सर्वेश सिंह, विवेक सिंह, विजय सिंह, दिनेश सिंह, राघवेंद्र सिंह, अनिल सिंह, रामशरन सिंह, रितिक सिंह, शुभम सिंह, अमन सिंह व चंदन सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

**आयोजन** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विज्ञान प्रदर्शनी का अतिथियों ने किया अवलोकन

# सीनियर व जूनियर बच्चों ने मॉडल का किया प्रदर्शन

सिंहपुर (अमेठी)



विद्या कलश विद्यालय में बच्चों के बनाए मॉडल का अवलोकन करते अतिथि।

**अमृत विचार।** क्षेत्र के खानापुर चपरा स्थित विद्याकलश विद्यालय में शनिवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विद्यालय के सभी सदनों के जूनियर व सीनियर वर्ग के बच्चों ने बहुत ही वैज्ञानिक तरीके से मॉडल का निर्माण किया। उन्होंने प्रदर्शनी के माध्यम से मॉडल का प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनी का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में पधारे राष्ट्रीय वनस्पति विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान लखनऊ के सहायक वैज्ञानिक डॉ. कृष्ण कुमार रावत ने किया। डॉ. रावत को विद्यालय के बैंड दल ने गार्ड आफ़ ऑनर दिया। प्रदर्शनी का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि सहित विद्यालय अध्यक्ष डॉ. राम कल्प तिवारी, कोषाध्यक्ष डॉ. जया त्रिपाठी, प्रबंधक डॉ. आलोक तिवारी इत्यादि ने बच्चों द्वारा निर्मित मॉडल का अवलोकन किया। डॉ. रावत ने बच्चों की प्रतिभा की खूब सराहना की। कार्यक्रम संयोजक सुरभि शुक्ल ने बताया कि बच्चों ने एआई रोबोट, स्मार्ट सिटी, हाइड्रोलिक ब्रिज, सुसाइड संकेतक, रेन वाटर डिटेक्टर, वाटर हार्वेस्टिंग आदि मॉडल का प्रदर्शन किया। बच्चों व अतिथियों के मध्य रोबोट आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम में भारी संख्या में अभिभावक, अतिथि, बच्चे एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

### विज्ञान दिवस पर छात्रों ने लगाई प्रदर्शनी




विज्ञान दिवस पर प्रदर्शनी लगाए छात्र।

**मुसाफिरखाना (अमेठी)।** शनिवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर नंदमहर स्थित संदीपनी ज्ञान कुंज मे विद्यालय के बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के विज्ञान से संबंधित प्रोजेक्ट बनाया गया जिसमें विद्यालय के चारों आश्रमों संदीपनि आश्रम, विश्वामित्र आश्रम, वशिष्ठ आश्रम, द्रोणाचार्य आश्रम के बच्चों ने मैथ पार्क, ज्वालामुखी, नूरान्स, दूर संचार उपग्रह, जैव विविधता, न्यूटन पेंडुलम, सौर परिवार, हैड्रोलिक, उत्सर्जन तंत्र, पेरिसकोप आदि प्रदर्शित किया और उनके बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रबंधक रमापति पाण्डेय, मित्र समन्यवक चन्द्र प्रकाश शुक्ल, प्रिंसिपल पूनम शुक्ला, नीलम पाण्डेय, अविरल पाण्डेय, केएल शर्मा, आयुष पाण्डेय, संदीप कुमार आदि शिक्षक गण मौजूद रहे।

# सौहार्द के साथ मनाएं होली का पर्व

**संग्रामपुर (अमेठी)।** रंगों का पावन पर्व होली आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक है। इसे शांति, सद्भाव और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाना चाहिए, ताकि क्षेत्र में अमन-चैन और सामाजिक समरसता बनी रहे।

शनिवार को थाना संग्रामपुर में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचे अमेठी के क्षेत्राधिकारी मनोज मिश्रा ने उपस्थित लोगों से अपील की कि होली का त्योहार सौहार्द के साथ उत्साहपूर्वक मनाएं। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह या विवाद से बचें और शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे उपजिलाधिकारी आशीष सिंह ने भी क्षेत्रवासियों को होली की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए प्रेम और सद्भाव के रंग में रंगने की अपील की।

